

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 02 सितंबर 2025 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष -41 ■ अंक-156 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 03 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## चमकते सपनों की धुंधली हकीकत

दृष्टिकोण

संजय दुबे



छत्तीसगढ़ इन दिनों निवेश की घोषणाओं की बौछार में भीगा हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हालिया जापान-कोरिया दौरे से लेकर रायपुर और जगदलपुर में हुए निवेशक सम्मेलनों तक, आंकड़ों की लंबी फेहरिस्त सुनाई जा रही है। पिछले छह महीनों में ही राज्य को 4.5 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव मिले हैं। "इंडस्ट्री डायलॉग-2" में अकेले 1.25 लाख करोड़ रूपये की सहमति जताई गई। रायपुर एनर्जी समिट में 3 लाख करोड़ रूपये के प्रस्ताव आए और बस्तर के लिए 49 हजार करोड़ रूपये के हाइड्रो व इरिगेशन प्रोजेक्ट घोषित हुए। कुल मिलाकर, दावा किया जा रहा है कि पिछले डेढ़ साल में 6.75 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

ये संख्याएँ सुनने में आकर्षक हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये सब धरातल पर उतरेंगे या फिर बीते वर्षों में हुए एमओयू की तरह कागज़ी महल बनकर रह जाएंगे? इतिहास बताता है कि छत्तीसगढ़ में निवेश का ट्रैक रिकॉर्ड उत्साहजनक नहीं रहा है। 2005–2010 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में खरबों के एमओयू हुए थे, मगर धरातल पर मुश्किल से 25–30% ही प्रोजेक्ट पूरे हो सके। बस्तर में टाटा स्टील का बहुचर्चित प्लांट स्थानीय विरोध और विस्थापन विवाद में डूब गया। धमतरी का एस्सार संयंत्र कभी उत्पादन शुरू ही नहीं कर पाया। आईटी पार्क जैसे प्रोजेक्ट आज भी अधूरेपन की मिसाल बने हुए हैं।

इस असफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण है नौकरशाही की निरंकुशता। निवेशकों के लिए छत्तीसगढ़ की व्यवस्था अब भी "पेपरवर्क की दलदल" है। सिंगल विंडो सिस्टम कागजों पर भले मौजूद हो, व्यवहार में यह मल्टी विंडो जाल बन जाता है। फाइलें महीनों-सालों तक अटकी रहती हैं, क्लियरेंस की प्रक्रिया बेहद थकाऊ है। यही वजह है कि कई कंपनियाँ अंतिम दौर में कदम पीछे खींच लेती हैं। मुख्यमंत्री विदेशी निवेशकों को कितना भी भरोसा दिलाएं, जब तक प्रशासनिक मानसिकता नहीं बदलेगी, निवेश का पहाड़ कागज़ से आगे नहीं बढ़ पाएगा।

दूसरी बड़ी चुनौती है स्थानीय जनता का भरोसा। विस्थापन और पुनर्वास को लेकर प्रशासनिक मशीनरी का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा। बस्तर से लेकर अन्य जिलों तक, जहाँ भी बड़े उद्योग आए, वहाँ लोगों ने खुद को ठगा हुआ महसूस किया। रोजगार अधूरा, मुआवजा अधूरा और पुनर्वास सिर्फ कागजों तक सीमित रहा। नतीजतन जनता का प्रतिरोध खड़ा हुआ और प्रोजेक्ट ठप हो गए। यह प्रतिरोध भावनात्मक कम और असंवेदनशील नीतियों की प्रतिक्रिया ज्यादा था। अगर इस बार भी यही गलती दोहराई गई तो अरबों के निवेश की गाड़ी फिर वहीं अटक जाएगी।

तीसरी दिक्कत है कौशल और आधारभूत ढांचे की। ग्रीन एनर्जी और हाईटेक इंडस्ट्री के लिए जिस प्रशिक्षित जनशक्ति और इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है, वह फिलहाल राज्य में उपलब्ध नहीं है। कंपनियाँ या तो यहां आने से बचती हैं या जमीन हथिया कर वर्षों तक निष्क्रिय बैठ जाती हैं। सरकार दावा कर रही है कि "सिंगल विंडो सिस्टम 2.0", नई औद्योगिक नीति और कर रियायतों से माहौल निवेशक-अनुकूल हुआ है। विदेश दौरे में भी मुख्यमंत्री ने यही संदेश दिया कि छत्तीसगढ़ अब बदला है। यह प्रयास स्वागत योग्य है, लेकिन जब तक नौकरशाही की जवाबदेही तय नहीं होगी, जनता के हितों को प्राथमिकता नहीं मिलेगी और पारदर्शिता नहीं बढ़ेगी, तब तक निवेश का भरोसा पुख्ता नहीं होगा।

यह भी सोचना होगा कि निवेश आखिर किन क्षेत्रों में हो रहा है। अब तक ज़्यादातर प्रस्ताव स्टील, पावर और खनन तक सिमटे हैं। यह मॉडल विकास को असंतुलित बनाता है। रोजगार पैदा करने वाले कृषि-आधारित उद्योग, फूड प्रोसेसिंग और छोटे-मझोले उद्यम अब भी पीछे हैं। हालांकि, इस बार मुख्यमंत्री का फोकस तकनीकी सहयोग, स्टार्टअप, अक्षय ऊर्जा, स्मार्ट सिटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास आदि क्षेत्रों पर था। बहरहाल, एक हकीकत यह भी है कि छत्तीसगढ़ की जनता अब आंकड़ों की चमक से प्रभावित नहीं होती। उन्हें चाहिए रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार। निवेश तभी सार्थक है जब वह कॉरपोरेट बैलेंस शीट नहीं, बल्कि आम आदमी की जिंदगी में रोशनी लाए।

सरकार के सामने अब असली चुनौती है—क्या वह निवेश की चमक को हकीकत में बदल पाएगी या फिर एक बार और छत्तीसगढ़ "घोषणाओं का प्रदेश" कहलाएगा? समय की मांग है कि अफसरशाही की निरंकुशता पर लगाम कसी जाए, जनता का विश्वास जीता जाए और प्रोजेक्ट्स को पारदर्शिता से जमीन पर उतारा जाए। तभी करोड़ों के एमओयू इतिहास की अधूरी कहानियों की जगह सफल विकास की गाथा बन पाएंगे।

## मनोज जरांगे पर भड़का हाईकोर्ट, सरकार को भी फटकार

**मुंबई,2सितंबर।** मराठा सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल को कड़ी फटकार लगाते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि 3 बजे तक वह आजाद मैदान खाली कर दें, वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहें। कोर्ट ने यहां तक कहा कि अगर 3 बजे तक प्रदर्शनकारी सड़कों और आजाद मैदान से हट नहीं जाते और हालात सामान्य नहीं होते तो उन्हें भी सड़क पर उतरना पड़ेगा। हाई कोर्ट ने कहा कि मनोज जरांगे ने हाई कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है। बता दें कि मनोज जरांगे की तरफ से उनके वकील ने कोर्ट में माफी मांगी है और कहा है कि कुछ कार्यकर्ताओं की वजह से आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ा। कार्यकारी मुख्या न्यायाधीश जस्टिस श्री चंद्रशेखर और जस्टिस आरती सेठे की बेंच ने कहा कि मनोज जरांगे पाटिल और उनके समर्थकों ने बिना इजाजत के ही आजाद मैदान पर कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा, स्थिति बहुत गंभीर है। सरकार से भी हम संतुष्ट नहीं हैं। सरकार की तरफ से भी कई गलतियां हुई हैं। जरांगे की तरफ से पेश हुए सीनियर वकील सतीश मानेशिंदे ने माफी मांगते हुए कहा कि पहले दिन से ही कार्यकर्ताओं को बताया गया था कि प्रदर्शन की वजह से किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए। बता दें कि जरांगे पांच दिनों से आजाद मैदान में अनशन कर रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने हाई कोर्ट परिसर को भी घेर लिया था। इसके चलते एक जज को पैदल हाई कोर्ट पहुंचना पड़ा। इससे पहले सोमवार को ही हाई कोर्ट ने कहा था कि मंगलवार को तीन बजे तक प्रदर्शनकारी सड़कें खाली कर दें। वहीं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वह हाई कोर्ट के आदेश को लागू करेंगे। इसके बाद ही पुलिस ने जरांगे को आजाद मैदान खाली करने का नोटिस जारी किया था। वहीं मनोज जरांगे पाटिल का दावा है कि प्रदर्शनकारियों ने किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि मराठा समुदाय को राज्य की राजधानी में प्रवेश करने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस (आरक्षण आंदोलन के बारे में) मुंबई उच्च न्यायालय को गलत जानकारी दे रहे हैं और उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। आरक्षण कार्यकर्ता ने कहा कि इस सप्ताहांत तक मराठा प्रदर्शनकारियों को मुंबई आने से कोई नहीं रोक सकता। जरांगे ने दावा किया, "आपको पता ही नहीं चलेगा कि वे मुंबईकर हैं या मराठा। अगले सोमवार जो भी होगा, वह फडणवीस की गलती की वजह से होगा।" उन्होंने यह भी कहा कि उनके मन में मुख्यमंत्री के प्रति कोई कड़वाहट नहीं है।




## महतारी वंदन योजना : हितग्राहियों का घर-घर किया जाएगा सर्वे

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,2सितंबर.** महतारी वंदन योजना के तहत हितग्राहियों का घर-घर सर्वे होगा. इनमें अधूरे दस्तावेज, निर्धारित पते पर गैरमौजूदगी और मृत्यु की स्थिति में नए सिरे से रिपोर्ट मंगाई जाएगी. महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए. उन्होंने रायपुर जिले में आंगनबाड़ी सेवाओं, विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, टेक होम राशन वितरण समेत पोषण अभियान की गतिविधियों का ब्यौरा लिया. उन्होंने किसी भी स्तर की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की भी चेतावनी दी है. इंद्रावती भवन में समीक्षा के दौरान विभागीय सचिव ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए. वहीं यह भी निर्देश दिए कि महतारी वंदन योजना में हितग्राहियों के घर-घर जाकर सर्वे करें. जिन मामलों में लाभार्थी पते पर उपलब्ध नहीं हैं, दस्तावेज अधूरे हैं या हितग्राही की मृत्यु हो चुकी है, उनकी जानकारी तत्काल सत्यापित कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए. किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाइजर, सीडीपीओ और डीपीओ पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. इधर रायपुर जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी और क्षेत्रीय स्तर के अधिकारी को नियमित रूप से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने भी निर्देशित किया. उन्होंने कहा कि वास्तविक स्थिति का आंकलन कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें. निरीक्षण केवल औपचारिकता न होकर, सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और हितग्राहियों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचाने का माध्यम होना चाहिए. इसके अलावा टेक होम राशन वितरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए. उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों गर्भवती एवं धात्री माताओं और कुपोषित बच्चों को समय पर, गुणवत्तापूर्ण टेक होम राशन उपलब्ध कराना आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है.

## नक्सलियों ने 2 ग्रामीणों को उतारा मौत के घाट

**सुकमा,2 सितंबर।** जिले के ग्राम सिरसेटी (नंदापारा) में नक्सलियों ने फिर खूनी खेल खेला है. नक्सलियों ने दो ग्रामीणों को मौते के घाट उतार दिया गया है. घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है. वहीं केरलापाल एरिया कमेटी दरभा डिविजन ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. केरलापाल एरिया कमेटी दरभा डिविजन ने सिरसेटी में दो ग्रामीण की हत्या की जिम्मेदारी ली है. बाकायदा पर्ची जारी किया गया है, जिसमें पदाम पोज्जा और देवेंद्र उर्फ देवा पर साल 2022 से डीआरजी जवान के संपर्क में आने और मुखबिरी करने का आरोप लगाया है.



## क्या है शी जिनपिंग का जीजीआई फॉर्मूला जिससे अमेरिका को टेंशन

नई दिल्ली,2 सितंबर। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शंघाई सहयोग संगठन की मीटिंग को संबोधित करते हुए ग्लोबल गवर्नेंस इनिशिएटिव का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा कि दुनिया में बहुपक्षीय व्यवस्था होनी चाहिए और किसी एक देश को ही सर्वशक्तिमान मानना गलत है। शी जिनपिंग ने एससीओ नेताओं को संबोधित करते हुए कहा यह बात कही, जिस पर रूस ने तत्काल सहमति जताई है। इसके अलावा भारत भी इस पर सहमत है क्योंकि लंबे समय से पीएम नरेंद्र मोदी भी यह कहते रहे हैं कि वैश्विक संबंध समानता के आधार पर तय होने चाहिए। शी जिनपिंग का यह फॉर्मूला सीधे तौर पर अमेरिका के लिए खुला चैलेंज है, जो इन दिनों तमाम देशों पर टैरिफ लगा रहा है। अमेरिका ने सबसे बड़ा टैरिफ तो भारत पर ही लगाया है। ऐसे में शी जिनपिंग का बयान अहम है। शी ने कहा, 'मैं आप लोगों के समक्ष Global Governance Initiative का प्रस्ताव रखना चाहता हूं। मैं सभी देशों के साथ काम करने के लिए तत्पर हूं। यह संबंध समानता के आधार पर होनी चाहिए और मानव सभ्यता के साझा भविष्य के निर्माण के लिए सहयोग की भावना पर आधारित हो।' उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के लिए यह जरूरी है। शी जिनपिंग ने कहा कि यह विजन वैश्विक सुरक्षा और आर्थिक व्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है। शी जिनपिंग ने कहा, 'सबसे पहले हमें समानता के आधार पर बात करनी होगी। हमें यह मानना होगा कि क्षेत्रफल, क्षमता, संपदा से परे सभी देशों को एक समान माना जाए। सभी को ग्लोबल गवर्नेंस में निर्णय लेने का मौका मिले तो वहीं लाभार्थी के तौर पर भी सब बराबर हों। हमें वैश्विक संबंधों में अधिक लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रोत्साहित करना होगा। इसके अलावा विकासशील देशों को भी शामिल करना होगा।' उन्होंने कहा कि हम सभी अंतरराष्ट्रीय नियमों से बंधे हुए हैं, लेकिन इनका सही ढंग से और यूएन चार्टर के अनुसार पालन होना चाहिए।



**भारत पर अमेरिका के मोटे टैरिफ के बीच शी का प्रस्ताव**–शी जिनपिंग ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नियमों को सभी पर एक समान तरीके से लागू करना चाहिए। इसमें कोई दोहरा मानदंड नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे कुछ देश अपने ही ढंग से नियमों को चलाते हैं और उन्हें दूसरे देशों पर थोपने की कोशिश करते हैं। उन्होंने तीसरी और सबसे अहम बात करते हुए कहा कि हम सभी लोगों को बहुपक्षीय व्यवस्था की बात करनी चाहिए। हमें साथ मिलकर वैश्विक व्यवस्था की बात करनी होगी। शी जिनपिंग की यह थ्योरी भारत समेत कई देशों को सहमत करने वाली है, लेकिन अमेरिका को इससे निश्चित तौर पर चिंता होगी, जो चाहता है कि उसके टैरिफ के आगे सभी देश मनमाने समझौते करने को बाध्य हो जाएं।

## बस्तर के लिए उम्मीद की नई किरण है किसन मंडावी

**रायपुर,2 सितंबर।** दंतेवाड़ा से 40 किलोमीटर दूर एक गांव है तेलम, जो कटेकल्याण तहसील में आता है. यहां से बहने वाली नदी डंकिनी को पार करके आप गांव में प्रवेश कर सकते हैं. जंगल घिरा इस गांव में लगभग 1000 लोग रहते हैं. यहां रहने वाले 23 साल का किसन मंडावी न केवल अपने गांव के लिए, बल्कि पूरे बस्तर के लिए नई उम्मीद है. किसन के बचपन में ही उनके माता-पिता का देहांत हो गया था चाचा ने पाला और अच्छी परवरिश दी, बचपन में किसन स्कूल जाता और मवेशी चराता था, कभी भी परिवार और दोस्तों के साथ तीर से छोटे-मोटे शिकार कर लेता था. अब सवाल उठता है कि सिर्फ गोंडी और हल्बी बोलने वाले और हिंदी तक ना समझने वाले इस आदिवासी लड़के की कहानी हम आपको क्यों बता रहे हैं? यह कहानी आपको इसलिए जाननी चाहिए क्योंकि किसन आत्मविश्वासी है. पोलियो और बैसाखी भी कभी उसके सपनों के आड़े नहीं आई. दिव्यांगता, सुविधाओं का अभाव, माता-पिता की मृत्यु, कई बार तो लगता की कहीं बाहर पढ़ने गए तो मुखबिरी के शक में नक्सली कुछ गलत ना कर दें, पर




नक्ससलियों का खौफ भी उसे तोड़ ना सका.

**शिक्षा ने खोले नए रास्ते**-प्राथमिक शिक्षा गांव से पूरी कर किसन ने आगे की पढ़ाई जवांगा एजुकेशन सिटी से की. इस दौरान उसने न सिर्फ हिंदी और अंग्रेज़ी सीखी बल्कि कंप्यूटर की दुनिया से भी परिचित हुआ. यहीं से उसका रास्ता बदल गया. उसने कंप्यूटर साइंस में स्नातक किया और आज राज्य के आईटी हब नवा रायपुर में सेवाएं दे रही हैदराबाद की बड़ी कंपनी स्क्वायर बिजनेस में काम कर रहा है.

**अब बाहर जाने की जरूरत नहीं**-किसन बताते हैं कि मेरे जैसे कितने युवा हैं, जो आईटी और इससे जुड़े सेक्टर्स में काम करने के सपने देखते हैं, पर हर किसी के लिए हैदराबाद, पुणे या बैंगलोर जाना मुमकिन नहीं होता, मुझे तो ये बताते हुए बड़ी ख़ुशी होती है कि अब बाहर जाने की भी ज़रूरत भी नहीं, क्योंकि नवा रायपुर हमारे देश का नया आईटी हब बन रहा है. हमारे राज्य के अलग-अलग जिलों से कई युवा मेरे साथ यहाँ काम कर रहे हैं, और आने वाले कुछ वर्षों में यहाँ देश के कोने कोने से भी युवा आकर काम करेंगे.

**जब भी गांव की याद आती है**-वह बताता है कि ऐसा नहीं है कि सिर्फ काम कि वजह से मुझे नवा रायपुर अच्छा लगता है. जब भी गाँव की याद आती है, मैं नवा रायपुर में घूमने निकल पड़ता हूँ दंतेवाड़ा जैसी हरियाली और साफ़ हवा है यहाँ. यहां की सेंध लेक बहुत सुंदर है. अक्सर वीकेंड पे दोस्तों के साथ यहाँ सनसेट देखने आता हूँ, जंगल सफारी घूमना भी अच्छा अनुभव देता है और जब घर की याद आती है तो यहाँ का ट्राइबल म्यूज़ियम चले जाता हूँ. ये मुझे अपने गाँव की संस्कृति की याद दिलाता है, ऐसा लगता है जैसे मैं कुछ समय के लिए घर लौट आया हूँ.

**एआई में करना चाहता है काम**-किसन सिर्फ़ नौकरी करके रुकना नहीं चाहता. उसका सपना है कि भारत सरकार के साथ काम करते हुए आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस में योगदान दे. उसका विज़न है ऐसा सॉफ़्टवेयर तैयार करना, जिससे दिल्ली में बैठा कोई व्यक्ति अगर हिंदी या अंग्रेज़ी बोले तो दंतेवाड़ा के गांव में बैठे लोग उसे गोंडी या हल्बी भाषा में रियल टाइम में समझ सकें.

## पाताल भुवनेश्वर: जहाँ गणेश जी का शीश विराजमान है

हृदय मोहन

गणेशोत्सव का पर्व पूरे भारतवर्ष में उल्लास, भक्ति और सांस्कृतिक रंगों के साथ मनाया जाता है। घर-घर में गणपति विराजते हैं, पंडालों में गूँजते हैं "गणपति बप्पा मोरया" के स्वर। परंतु इसी केसाथ यहजाननारोमांचकहैकिउत्तराखंड के कुमाऊँ अंचल की पहाड़ियों में पृथ्वीसे 90 मीटरनीचेएक ऐसी गुफा भी है, जिसे देवताओं का नगर कहा जाता है। यह है पाताल भुवनेश्वर—जहाँ आस्था और रहस्य की परतें एक-दूसरे से गुंथी हुई हैं। मान्यता है कि यहीं भगवान गणेश का शीश विराजमान है।

**पौराणिक गाथा और गणेश**-पुराणों में वर्णित कथा के अनुसार, जब भगवान शिव ने क्रोधवश अपने पुत्र गणेश का सिर धड़सेअलग कर दिया था, तो वह सिर आकाश से इसी गुफा में आ गिरा। तभी से यह स्थान गणेश-पूजन का एक अद्वितीय केंद्र माना जाता है। यहाँ भक्त, भगवान गणेश को केवल विघ्नहर्ता नहीं, बल्कि त्याग, पुनर्जन्म और दिव्य लीला के प्रतीक के रूप में पूजते हैं। त्रेता युग में सूर्यवंशी राजा ऋतुपर्ण ने इस गुफा की खोज की थी। कहा जाता है कि उन्होंने ही पहली बार इसे देवताओं का गुप्त नगर कहा। सहस्त्रों वर्षों बाद, कलियुग में 722 ईस्वी में आदि शंकराचार्य इस गुफा तक पहुँचे। उन्होंने इसके अद्भुत स्वरूप को देखकर इसे तीर्थ घोषित किया और भीतर स्थित तेजस्वी शिवलिंग को ताँबे से



आच्छादित कर दिया—क्योंकि उसका दिव्य प्रकाश इतना प्रखर था कि देखने वाला अंधा हो सकता था। आगे चलकर चंद राजाओं ने यहाँ पूजा-अर्चना की परंपरा स्थापित की, जो आज तक अखंड रूप से चल रही है।

**गुफा-नगर का अद्भुत संसार**-पाताल भुवनेश्वर की यात्रा साहस और श्रद्धा दोनों की परीक्षा है। संकरी सीढ़ियों से, लोहे की जंजीरों का सहारा लेते हुए जब कोई यात्री गुफा में प्रवेश करता है, तो उसे लगता है मानो वह किसी और ही लोक में चला आया हो। गुफा के भीतर की दीवारें स्वयं मानो पुराणों की कथाएँ कहती हैं—कहीं शेषनाग की भव्य आकृति, कहीं माँ काली की जिह्वा, कहीं सात ऋषियों के प्रतीक रूप। हर मोड़ पर, हर पत्थर पर एक दिव्य कथा अंकित मिलती है। भक्तों का



विश्वास है कि इस गुफा में तैंतीस करोड़ देवताओं का निवास है। लेकिन सबसे पवित्र स्थल वह है जहाँ भगवान गणेश के शीश का स्वरूप विराजमान है। श्रद्धालु जब वहाँ पहुँचते हैं तो उन्हें लगता है मानो साक्षात् गणपति बप्पा उनकी सभी विघ्न बाधाएँ हरने के लिए सामने खड़े हों।

**व्यक्तिगत अनुभव**-पिछले वर्ष मई में जब हम दोनों (एक वरिष्ठ दंपत्ति) इस गुफा में पहुँचे, तो यह केवल तीर्थ-दर्शन नहीं बल्कि आत्मा को झकझोर देने वाला अनुभव था। भीतर उतरते हुए सिर झुकाना पड़ा, घुटनों के बल चलना पड़ा, और साँसों में उस ठंडी, गीली हवा का अनुभव हुआ जो भीतर के रहस्य को और गहरा करती है।

पुजारियों की धीमी आवाज़ में गूँजते मंत्र और दीयों की झिलमिलाती लौ से गुफा का अंधकार प्रकाशमान हो उठा। और जब अंततः हम उस स्थल पर पहुँचे जहाँ गणेश का शीश विराजमान है, तो मन एक अद्भुत शांति और करुणा से भर गया। लगा जैसे सारा जीवन एक क्षण में हल्का हो गया हो।

**गणेशोत्सव की गहराई**-आज जब गणेशोत्सव का उत्सव शहरों और गाँवों में उत्साह के साथ मनाया जाता है, पाताल भुवनेश्वर हमें यह स्मरण कराता है कि गणेश केवल उत्सव की मूर्तियों में ही नहीं, बल्कि धरती की गहराइयों, गुफाओं और शाश्वत परंपराओं में भी जीवित हैं। वे केवल विघ्नहर्ता नहीं, बल्कि हमारी आस्था और सांस्कृतिक धरोहर के रक्षक हैं।

गणेशोत्सव का सच्चा संदेश यही है कि हम गणेश को घर-आँगन में स्थापित करने के साथ-साथ उन तीर्थों और परंपराओं से भी जुड़े रहें, जिन्होंने हजारों वर्षों से हमारी आस्था को पोषित किया है। पाताल भुवनेश्वर की यह गुफा इसी अमर आस्था का प्रतीक है—जहाँ आज भी गणेश का शीश विराजमान है और जहाँ हर भक्त को यह अनुभूति होती है कि विघ्न हर लिए गए हैं, और जीवन एक नई राह पर चल पड़ा है।

## बिना हेलमेट पेट्रोल देने वाले पेट्रोल पंप सीलबंद

**बालोद,2 सितंबर।** बिना हेलमेट पेट्रोल देने वाले वाले पेट्रोल पंप के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है. एसडीएम नूतन कंवर ने कलेक्टर के निर्देश पर लाटाबोड़ स्थित केकेएस पेट्रोल पंप को सील किया है. इस कार्रवाई से पेट्रोल पंप संचालकों में हड़कंप मच गया है. पूरा मामला बालोद जिले का है. बालोद एसडीएम नूतन कुमार कंवर ने बताया कि ढाई घंटे के सीसीटीवी फुटेज को देखने पर पता चला कि पंप संचालक लगातार बिना हेलमेट लगाए दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल दे रहा था, जो नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान के नियमों का उल्लंघन है, इसलिए पंप को सील करने की कार्रवाई की गई है. बता दें कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने 1 अगस्त 2025 को इस अभियान की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना है. इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.



## अब 623 ग्राम एवं 3,265 बसाहटों में शत-प्रतिशत पेयजल उपलब्ध

# धमतरी जिले में 25 वर्षों की पेयजल व्यवस्था में ऐतिहासिक प्रगति



**धमतरी, 2 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का संकल्प लिया था। विगत 25 वर्षों में जिले के जल संसाधन एवं पेयजल आपूर्ति विभाग ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2001 की तुलना में 2025 तक ग्रामीण एवं नगरीय दोनों क्षेत्रों की पेयजल व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। प्रशासनिक स्तर पर जहाँ पहले केवल तीन इकाइयाँ कार्यरत थीं, वहीं आज चार इकाइयाँ संचालित हो रही हैं। इनमें एक संभागीय कार्यालय, एक उप-संभागीय कार्यालय, एक जिला स्तरीय एवं दो ब्लॉक स्तरीय पेयजल परीक्षण प्रयोगशालाएँ सम्मिलित हैं।धमतरी जिले के सभी 623 ग्राम एवं 3,265 बसाहटों में अब शत-प्रतिशत पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। वर्ष 2001 में केवल 2,769 ग्राम एवं बसाहटों तक ही पेयजल सुविधा पहुँच पाई थी, जबकि आज सभी 3,265 बसाहटें कवर हो चुकी हैं। विशेष उपलब्धि यह है कि जिले ने प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 40 लीटर पेयजल उपलब्ध कराने का मानक भी पूरा कर लिया है। वर्ष 2001 में यह सुविधा मात्र 2,622 बसाहटों तक सीमित थी, लेकिन आज सभी 3,265 बसाहटें इस मानक के अंतर्गत आ चुकी हैं।जिले में हैंडपंप स्थापना में भी बड़ी प्रगति हुई है। वर्ष 2001 में जहाँ केवल 3,451 हैंडपंप उपलब्ध थे, वहीं आज इनकी संख्या बढ़कर 10,168 हो गई है। हर घर नल कनेक्शन (स्न॥ञ्ज्ष्ट) योजना के अंतर्गत अब तक 1,53,514 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं।वर्ष 2001 में मात्र 27 ग्रामों में ही नल आधारित जल प्रदाय योजनाएँ स्वीकृत थीं। अब यह संख्या बढ़कर 623 ग्रामों तक पहुँच गई है, जिनमें से 418 ग्रामों में पाइप लाइन आधारित जल प्रदाय योजनाएँ पूरी तरह लागू हो चुकी हैं। इन सभी ग्रामों में ओवरहेड टैंक आधारित पेयजल आपूर्ति प्रणाली भी स्थापित की गई है।जल संकटग्रस्त एवं खारे पानी प्रभावित ग्रामों में पेयजल उपलब्ध कराने हेतु जल जीवन मिशन के अंतर्गत बहु-ग्राम योजनाएँ लागू की जा रही हैं। इस क्रम में धमतरी जिले में स्वीकृत दो बहु-ग्राम योजनाओं से नगरी के वनांचल क्षेत्र के 76 ग्रामों के निवासियों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होगा। समूह जल प्रदाय योजना संकरा के अंतर्गत उपचारित पानी गाँवों में पहुँचाया जाएगा। इसके लिए 3.5 एमएलडी क्षमता का जल शोधन संयंत्र 80त्न तक पूर्ण हो चुका है। 180 केएल क्षमता का संपवेल निर्मित हो गया है तथा 330 केएल क्षमता का 28 स्टेज एमबीआर निर्माणाधीन है। पाइप लाइन बिछाने का कार्य भी प्रगति पर है। यह परियोजना नगरी वनांचल क्षेत्र को पेयजल संकट से मुक्त करने में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी।नई तकनीकों को अपनाते हुए जिले में अब तक 182 सोलर डुअल पंप, 370 सौर आधारित मिनी जल प्रदाय योजनाएँ तथा 1,364 सिंगल फेज पावर पंप स्थापित किए गए हैं। पारदर्शिता एवं जल स्रोतों की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए 1,477 जल स्रोतों का जियो-टैगिंग किया गया है।नगरीय क्षेत्रों में भी पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। धमतरी नगर निगम क्षेत्र में संपूर्ण पेयजल आपूर्ति व्यवस्था उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जिले की सभी पाँच नगर परिषदों में नल आधारित जल प्रदाय योजनाएँ पूर्ण रूप से लागू हो चुकी हैं।



**कवर्धा । शासकीय नेउरगांवकला हाईस्कूल में गणेश भगवान की मूर्ति विराजित**

## एक नजर

### जब्त नशीली सामग्री नष्ट की गई



**दुर्ग,2 सितंबर।** दुर्ग पुलिस ने जिले के अलग-अलग थानों में नारकोटिक्स एक्ट के तहत जब्त नशीली सामग्री को भिलाई इस्पात संयंत्र व नेवई में नष्ट किया है दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल की अध्यक्षता में नारकोटिक्स एक्ट के 239 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया गया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर ने बताया कि मादक पदार्थों एवं नशीली दवाईयों के नष्टीकरण योग्य कुल 239 प्रकरणों में 1620 कि.ग्रा. गांजा, 8 किग्रा गांजा का पेड़, 277.29 ग्राम हेरोइन, 214.39 ग्राम ब्राउन शुगर, 194856 नग, टेबलेट, 76258 नग कैप्सूल एवं का नष्टीकरण भिलाई इस्पात संयंत्र में कराया गया, जबकि 1212 नग सीरप एवं 1400 नग इंजेक्शन का नष्टीकरण थाना नेवई क्षेत्रान्तर्गत कराया गया।

### बाइक चोरी, तीन गिरफ्तार



**भिलाई,2 सितंबर।** साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा है भिलाई नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि सेक्टर - 6 सड़क 62 क्वाटर 07 डी निवासी संतोष कुमार राव ने शिकायत किया कि साप्ताहिक बाजार सेक्टर 07 भिलाई से सीजी 07 एके 0540 जिसकी कीमत 85 हजार रुपये चोरी हो गई थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना दिया कि सेक्टर - 6 भिलाई मे बाइक को बेचने तीन युवक ग्राहक की तलाश कर रहे थे आरोपियों को भिलाई नगर थाने पुलिस ने तुरंत पकड़ लिया। पुछताछ में आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया आरोपियों का नाम ग्राम गोड़पेण्ड्री निवासी कुंवर सिंह, घनश्याम जांगड़े, रुपेन्द्र डहरिया है तीनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।

### माता बहादुर कलारिन सम्मान पुरस्कार के लिए आवेदन 26 सितंबर तक आमंत्रित

**दुर्ग, 2 सितंबर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली महिला को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से माता बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2025 प्रदान किया जाता है। पुरस्कार के रूप में एक महिला को दो लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जाता है। उक्त पुरस्कार हेतु आवेदन 26 सितम्बर 2025 तक आमंत्रित किया गया है। पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को सीलबंद लिफाफे एवं लिफाफे के ऊपर माता बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2025 अंकित कर निर्धारित प्रपत्र में जमा करना होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### तेज बारिश के चलते सड़क पर गिरा पेड़, आवागमन बाधित

**रामानुजगंज, 2 सितंबर ।** मूसलाधार बारिश से ग्राम सनवाल एवं डिंडो मुख्य मार्ग में ग्राम सुंदरपुर में सड़क के बीचो-बीच पेड़ के गिर जाने से घंटों आवगमन बाधित हो गया वही बाइक सवार दंपति पेड़ की चपेट में आने से बाल बाल बचे। चार चक्का वाहन का आना-जाना पूर्णता बाधित हो गया था। वहीं बाइक सवार वैकल्पिक मार्ग से जा रहे थे। धमनी रेंज के रेंजर अजय वर्मा को सूचना के बाद तत्काल मौके पर वन अमले को भेजा गया जिनके द्वारा पेड़ को कटवा कर आवगमन को सामान्य किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सुंदरपुर में विशालकाय पेड़ के सड़क के बीचो-बीच गिर जाने के बाद घंटो आवागमन बाधित रहा। बड़े एवम चार चक्का वाहन का पूर्णत आना जाना बाधित हो गया था दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई थी कई वाहन तो कई किलोमीटर की दूरी तय करके अपने गंतव्य तक आना-जाना किया। दो चक्का वाहन सड़क के बगल से वैकल्पिक मार्ग से आना-जाना कर रहे थे। सनावल से ग्राम डिंडो लोक निर्माण विभाग का डामरीकृत सड़क है इस सड़क से दिन भर लोगों का आना-जाना लगा रहता है दोपहर में पेड़ के गिरने के बाद आवगमन बाधित होने से कई लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

# आयुक्त ने सड़कों के सौंदर्यीकरण के लिए लगाए जा रहे डिजाइनर पोल का किया निरीक्षण



**भिलाई, 2 सितम्बर।** नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को शहर के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब में साफ-सफाई एवं आवश्यक सुधार कार्यों की समीक्षा कर जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को निर्देश दिए। विधायक रिकेश सेन की विधायक निधि से तालाब के संधारण हेतु निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, जिसके तहत लाइटिंग, पेंटिंग और अन्य कार्य शीघ्र ही शुरू होंगे।आयुक्त ने जुनवानी स्थित आनंद नगर में प्रस्तावित रोड निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया और एजेंसी को कार्य तत्काल प्रारंभ करने निर्देशित किए। वहीं मॉडल टाउन से सूर्या मॉल तक सड़क सौंदर्यीकरण के तहत लगाए जा रहे डिजाइनर पोल का अवलोकन कर उन्होंने आगामी त्यौहारों से पूर्व कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था सुगम हो सके।इसके अलावा आयुक्त ने कोहका आमा तालाब का निरीक्षण कर साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, फाउंटेन, बोटिंग एवं फूड जोन हेतु दुकानों के निर्माण पर चर्चा की। इसी तरह भेलवा तालाब, आमा तालाब और संजय नगर तालाब की व्यवस्था सुधार के लिए आवश्यक पहल की जा रही है।

### दिशा एवं यातायात पुलिस दुर्ग ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**दुर्ग, 2 सितंबर ।** सामाजिक संस्था दिशा एवं यातायात पुलिस दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-10 रेल चौक, भिलाई में नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आमजन को हेलमेट के उपयोग से सड़क दुर्घटनाओं में जीवन की रक्षा कैसे संभव है, इसकी जानकारी दी गई। साथ ही चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा बाइक पर तीन सवारी बैठाने एवं मालवाहक वाहनों में यात्रा करने जैसी खतरनाक प्रवृत्तियों से बचने हेतु जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान जो वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करते पाए गए, उन्हें गुलाब भेंट कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया, जिससे अन्य नागरिक भी प्रेरित होकर यातायात नियमों का पालन करें ।

# नगर निगम से सेवानिवृत्त दो कर्मचारियों को दी गई विदाई



**भिलाई, 2 सितम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई में 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर दो कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। मुख्य कार्यालय सभागार में आयोजित समारोह में आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने पम्प सहायक वेदलाल यादव और उमेश निर्मलकर को निगम प्रशासन की ओर से शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। आयुक्त ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर दोनों कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल की यादें साझा करते हुए शासन और निगम प्रशासन के प्रति आभार जताया। बिदाई कार्यक्रम में अपर आयुक्त राजेंद्र कुमार दोहरे, उपायुक्त नरेंद्र बंजारे, उप अभियंता श्वेता माहेश्वर, स्टेनो पुरुषोत्तम सिन्हा, संजय शर्मा, शशिभूषण मोहंती, शरद दुबे, अजय शुक्ला, राजकुमार सच्चर, सेन गुप्ता, कुलदीप रोशन, विकास बेलकर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### धमतरी में कांटा तालाब चौपाटी निर्माण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

**धमतरी, 2 सितंबर ।** राज्य शासन ने धमतरी नगर पालिक निगम क्षेत्र में कांटा तालाब चौपाटी निर्माण कार्य के लिए रूपये 196.27 लाख (एक करोड़ छियानवे लाख सत्ताईस हजार मात्र) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। यह स्वीकृति छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 तथा छत्तीसगढ़ नगर पालिका (मेयर-इन-कौंसिल/प्रेसीडेंट-इन-कौंसिल के कामकाज संचालन एवं प्राधिकारियों की शक्तियां एवं कर्तव्य) नियम, 1998 के प्रावधानों के तहत दी गई है।कांटा तालाब चौपाटी का निर्माण धमतरी शहर के नागरिकों को मनोरंजन, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए एक नए आकर्षण स्थल के रूप में उपलब्ध होगा। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि कांटा तालाब चौपाटी निर्माण से धमतरी शहर को एक सुंदर और सुसज्जित सार्वजनिक स्थल मिलेगा। यह परियोजना न केवल शहर के सौंदर्यीकरण में सहायक होगी, बल्कि यहां आने वाले नागरिकों और पर्यटकों के लिए भी एक विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी। महापौर श्री रामू रोहरा ने कहा कि कांटा तालाब चौपाटी निर्माण हमारे शहर के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। यहां लोगों को मनोरंजन, परिवार संग समय बिताने और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक शानदार स्थान उपलब्ध होगा। नगर निगम इस परियोजना को उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई



**भिलाई, 2 सितम्बर।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर राजस्व एवं नगर तथा ग्राम निवेश विभाग की टीम ने ग्राम खेदामारा तहसील जेवरा-सिरसा में अवैध प्लाटिंग पर सख्त कार्रवाई की। अधिकारियों ने प्लाटिंग स्थल तक पहुँचने के लिए बनाए गए मार्ग को जेसीबी से गड्ढा खोदकर अवरुद्ध कर दिया और मौके पर पंचनामा तैयार किया। जानकारी के अनुसार रानी सती डेवलपर्स पार्टनर विशाल केजरीवाल आ. सुरेश द्वारा खसरा नंबर 61/1, 61/2, 61/3, 64/1, 67/1, 81/1, 86/1, 86/2, 66/1, 66/2 और 68/1 कुल 3.22 हेक्टेयर भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। यहाँ नाली बनाकर प्लाटिंग स्थल तक पहुँचने का रास्ता तैयार किया गया था, जिसे प्रशासन ने हटाकर रोक दिया। कार्रवाई के दौरान अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर डिलेश्वर साहू, संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश सूर्यभान सिंह ठाकुर, नगर निवेश अधिकारी अनूप कुमार गढ़े और सजल शर्मा, हल्का पटवारी राजेश देशमुख सहित अन्य राजस्व अमला एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# नगर निगम का 16.97 करोड़ का कचरा प्रबंधन प्रोजेक्ट स्वीकृत

**दुर्ग, 2 सितम्बर ।** दुर्ग नगर निगम को 16.97 करोड़ का ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रोजेक्ट मिला है। स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत संयंत्रों की स्थापना और उन्नयन को मंजूरी मिली है। इस बड़ी उपलब्धि के लिए नगर निगम की महापौर श्रीमती अल्का बाघमार ने राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय निकाय मंत्री अरुण साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि यह दुर्ग शहर में स्वच्छता के लिए बड़ी सौगात है।

बता दे कि शहर के नागरिकों को बेहतर स्वच्छता व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है। भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय तकनीकी समिति (एसएलटीसी) की 8वीं बैठक (दिनांक 06 अगस्त 2025) में नगर पालिक निगम दुर्ग की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट) परियोजना को हरी झंडी मिल गई है। इस परियोजना की लागत 1697.69 लाख (रुपये सोलह करोड़ सन्तानबे लाख उनहत्तर हज़ार मात्र) स्वीकृत की गई है। इसमें सूखे और गीले कचरे के बेहतर प्रबंधन के लिए नए संयंत्रों की स्थापना, पुराने संयंत्रों का उन्नयन एवं विकास तथा पाँच वर्षों तक उनका संचालन और संधारण शामिल है।

### नगर निगम बनेगा क्रियान्वयन एजेंसी

जारी आदेश के अनुसार, परियोजना को लागू करने की जिम्मेदारी नगर पालिक निगम, दुर्ग को दी गई है। निगम को तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने के बाद ही निर्माण कार्य प्रारंभ करना होगा। इसके अलावा परियोजना की प्रगति रिपोर्ट प्रतिमाह स्टेट नोडल एजेंसी (एसयूडी) को भेजनी होगी।आदेश में कहा गया है कि निविदा केवल सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित प्रारूप में ही आमंत्रित की जाएगी। निविदा की प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956, नगरपालिका अधिनियम 1961, कार्य विभाग मैनुअल और विभाग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। साथ ही निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर का ही अनुमोदन और वित्तीय स्वीकृति दी जाएगी।

### डीपीआर व भूमि स्वामित्व का पालन

निर्माण कार्य केवल सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित डीपीआर, नक्शे और ले-आउट के अनुसार ही होगा। कार्य केवल नगर निगम की स्वामित्व वाली अथवा प्रावधिक आबंटन प्राप्त भूमि पर ही किया जाएगा।

### जुआ खेल रहे पांच जुआरी गिरफ्तार

**बिलासपुर, 2 सितम्बर ।** शहर की सरकंडा थाना पुलिस ने तास पत्ती से रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 11280 रू नगदी रकम एवं ताशपत्ती जब्त किया है।मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 31.08.2025 के रात्रि सूचना मिली कि ग्राम बैमा नया ताबाल के पास शेड के नीचे स्ट्रीट के नीचे कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर 52 पत्ती ताश से काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं, मुखबीर के उक्त सूचना के संबंध में तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर रेड कार्यवाही किया गया जहां मौके पर से कुछ जुआड़ियान भाग निकले

# संस्कृति एवं परंपरा के कलात्मक चित्रों से फ्लाईओवर स्तंभों का निखरा रूप, लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र

**भिलाई, 2 सितम्बर।** पारंपरिक वेशभूषा और पंडवानी शैली में तम्बूरा लिए पद्मविभूषण तीजन बाई, प्रदूषण दूर करने पौधे लगाता इस्पाती श्रमिक, बैलों को ललकारता ग्रामीण, गेंड़ी पर चलते-खेलते बच्चे, विद्याध्ययन में मग्न बालिका, धान रोपती महिला किसान, साइकिल टायर को लकड़ी के सहारे दौड़ाता बच्चा, सिर पर पगड़ी बांधे खेत जोतता किसान, जंगल में विचरण करते वन्य पशु, वन, नदियों-पर्वतों और लता-गुल्मों से आच्छादित वन-प्रदेश, हरियाली को सहेजने पौधों के रोपण.. ये कुछ ऐसे जीवंत चित्र हैं जो सुपेला ओवर ब्रिज के खम्भों पर बन रहे हैं और सहज ही राहगीरों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं। ये चित्र इतने जीवंत और आकर्षक हैं कि न चाहते भी पल भर रुक कर राहगीर इन्हें देखता है और कुछ क्षण के लिए स्वयं को तनाव मुक्त पाता है। इन चित्रों में आर्ट ऑफ़ कल्चर है। शहर के ओवर ब्रिज के खम्भों पर पिछली कई दिनों से रंग-बिरंगी चित्रकारी की जा रही है। इन कलात्मक चित्रों के माध्यम से न केवल शहर को सुंदर रूप दिया जा रहा है बल्कि स्थानीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक संदेशों को भी उकेरा जा रहा है। इससे ओवर ब्रिज के खम्भों का रूप भी निखार गया है, नहीं तो इन पर निजी प्रचार के लिए व्यावसायिक लोगों ने वाल



राइटिंग कर इन्हें बदरंग कर दिया था।

### आयुक्त पांडेय ने शहर को सुन्दर बनाने कसी कमर

नगर निगम के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने शहर को ग्रीन एंड क्लीन बनाने के साथ ही यहाँ की कला एवं संस्कृति को सहेजने एवं स्वच्छता को लेकर जो पहल की थी उसका साकार रूप दिखाई देने लगा है। उन्होंने पहले ही अधिकारियों से शहर को आकर्षक एवं सुन्दर बनाने के लिए नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने एवं स्वयं आगे आने की बात कही थी। पहले तो इन खम्भों पर वर्टिकल गार्डन लगाकर आकर्षक लुक दिया गया था। खाली पड़े खंभों को हरा-भरा और सौंदर्यपूर्ण रूप देने के लिए पौधों से सजाया गया और अब देखा जा रहा है कि ओवर ब्रिज के खम्भों पर कृषि से लेकर वानिकी, वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, महिला सशक्तिकरण और छत्तीसगढ़ी की लोक संस्कृति से जुड़े चित्र बनाए जा रहे हैं। शहरवासी भी इसे देखकर उत्साहित हैं। उनका कहना है कि इस चित्रकारी से ओवर ब्रिज और उसके आसपास का वातावरण न सिर्फ सुंदर होगा बल्कि राहगीरों को सकारात्मक संदेश भी मिलेगा।

### लोक संस्कृति, परंपरा एवं ग्रामीण परिवेश की जीवंत झलक

इन खम्भों पर चित्राकरी कर रहे कलाकार विशेष दास मानिकपुरी ने तरुण छत्तीसगढ़ को बताया कि मिले हुए थीम के आधार पर वे लोग ले आउट एवं कल्पना का संगम कर छत्तीसगढ़ कल्चर को जीवंत बनाने का प्रयास करते हैं। उन लोगों ने उत्तराखंड से लेकर अनेक प्रदेशों में अच्छा काम किया है जिसकी सराहना हुयी है। मानिकपुरी ने बताया कि वे इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय से मास्टर की डिग्री होल्डर हैं और कला एवं संस्कृति के लिए सदैव काम करते हैं।

## समाचार संक्षेप

### धुरी समाज मेहनतकश और परंपराओं को संजोकर रखने वाला समाज है: शर्मा

**कवर्धा, 2 सितंबर ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा आज अपने कवर्धा प्रवास के दौरान धुरी समाज के सामाजिक भवन पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भवन का लोकार्पण किया। भवन के शुभारंभ पर समाज के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि सामाजिक भवन समाज की एकता और विकास का प्रतीक है। ऐसे भवन समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाते हैं और पारिवारिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक सशक्त केंद्र साबित होते हैं।उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि धुरी समाज मेहनतकश और परंपराओं को संजोकर रखने वाला समाज है, जिनकी भूमिका प्रदेश के विकास में सराहनीय रही है। उन्होंन्र आगे कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक समाज और वर्ग के उत्थान के लिए संकल्पित है। सामाजिक भवनों के निर्माण से समाज को संगठित होने और युवाओं को सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। लोकार्पण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धुरी समाज के लोग उपस्थित थे। उन्होंने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सभापति श्री रामकुमार भट्ट, श्री गोपाल साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री पवन जायसवाल, पार्षद श्री बिहारी धुर्वे, श्री डोनेश ठाकुर, श्री सुषमा उपाध्याय, श्री सुनील साहू, श्री अनिल साहू सहित जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आदि कर्मयोगी अभियान के तहत तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**कवर्धा, 2 सितंबर ।** अनुसूचित जनजातियों के सर्वांगीण विकास और कल्याण के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकतम लाभ जनजातीय परिवारों तक पहुँचाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज महाराजपुर स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद संतोष पाण्डेय एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज को मुख्यधारा से जोड़ने और योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुँचाने में मास्टर ट्रेनर्स की अहम भूमिका होगी। इस दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, सहायक आयुक्त एलपी पटेल सहित जनप्रतिनिधि, ट्रेनर्स उपस्थित थे। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि आदि शब्द का अर्थ आदिवासी है और यह शब्द हमें आदिकाल की ओर ले जाता है। इसी भावना के साथ पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण उत्थान के लिए स्वतंत्र मंत्रालय की घोषणा की थी, जो एक ऐतिहासिक योगदान था।

### नकली शराब बनाने वाले अंतरराज्यीय माफिया चढ़े मुंगेली पुलिस के हत्थे

**मुंगेली, 2 सितंबर ।** मुंगेली पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के निर्देशन पर मुंगेली पुलिस द्वारा, शराब बनाने की स्पिरिट सहित सामग्री को तस्करी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने मे मिली बड़ी सफ्लता थाना फास्टरपुर क्षेत्र में देशी नकली शराब बनाकर तस्करी करने वाले 04 अंतर्राज्यीय तस्करों को किया गया गिरफ्तार आरोपियों से 01 ट्रक वाहन 01 आल्टो कार एवं 35,000 बल्क लीटर स्पिरिट कुल कीमती 46,68,786 रूपये को किया गया जप्त थाना फास्टरपुर में आरोपीगण के विरूद्ध अपराध क्रमांक 44/2025 धारा 34(1)क, 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट व ट्रेडमार्क एक्ट की धारा 103, 104 एवं धारा 318, 336, 3(5) बीएनएस के तहत किया गया कार्यवाही। पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल (भा.पु.से.) द्वारा चलाये जा रहे अभियान ''ऑपरेशन बाज'' के तहत नशे जैसे ब्राउन शुगर, चरस, अफीम एवं शराब तस्करों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मुंगेली श्री मयंक तिवारी के पर्यवेक्षण में जिले की साइबर सेल एवं थाना फास्टरपुर की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही किया गया। दिनांक 31.08.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम दाबो के पास एक ट्रक टेंकर में स्पिरिट भरा हुआ है ।

**एक नजर**

## जश्न-ए-ईद मिलाद-उन-नबी बड़े ही शान-ओ-शौकत से मनाया जाएगा



**रायपुर, 2 सितम्बर।** शहर सीरत-उन-नबी कमेटी रायपुर द्वारा हर साल की तरह इस साल भी जश्न-ए-ईद मिलाद-उन-नबी शान ओ शौकत से मनाया जाएगा। यह साल बहुत ही खास है क्योंकि यह मिलाद उन नबी का पंद्रह सौवाँ साल है। इस बार जुलूस पूरे अकीदत और शान-ओ-शौकत के साथ निकाला जाएगा। यह जुलूस हमेशा की तरह इस बार भी अमन, मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम लेकर शहर की गलियों से गुजरेगा। शहर सीरत-उन-नबी कमेटी रायपुर के सदर जनाब सोहेल सेठी ने कहा कि सभी शहरवासियों से गुजारिश है कि जुलूस में अदब और एहतराम के साथ शरीक हों, साथ ही खास तौर पर यह अपील है कि डीजे, आतिशबाजी और पटाखों से परहेज़ करें, ताकि यह पाक महफ़िल संजीदगी और सुकून के साथ मुकम्मल हो सके।

## अग्निवीर भर्ती, 10 सितंबर तक होगा पंजीयन

**जगदलपुर 02 सितम्बर।** भारतीय सैन्य अग्निवीर थलसेना 2025-26 भर्ती अधिसूचना जारी किया गया था। जिसका कम्प्यूटर परीक्षा का आयोजन सेना भर्ती कार्यालय द्वारा की गई थी। कम्प्यूटर परीक्षा में बस्तर जिले के उत्तीर्ण अभ्यर्थी जो शारीरिक प्रशिक्षण के इच्छुक हो, वे उत्तीर्ण संबंधी दस्तावेज के साथ स्वयं कार्यलयीन समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र आड़ावाल जगदलपुर में 10 सितम्बर तक उपस्थित होकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं, ताकि भर्ती पूर्व कौशल शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण से लाभांवित किया जा सके।

## जिला खनिज न्यास निधि की शासी परिषद की बैठक 5 को

**उत्तर बस्तर कांकेर, 2 सितंबर।** जिला खनिज न्यास निधि की शासी परिषद की बैठक 05 सितंबर को दोपहर 01बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित किया जाएगा। उक्त बैठक में सभी संबंधितों को उपस्थित होने कहा गया है।

## दिव्यांगजन व वृद्धजन पेंशन प्रमाणीकरण शिविर स्थगित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 2 सितंबर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजन, वृद्धजन के आकलन चिन्हांकन प्रमाणीकरण DID पेंशन प्रकरण तैयार करना, आधार सीडिं, DBT, मोबइल नम्बर एन्ट्री, सहायक उपकरण, नकली हाथ एवं पैर लगाने के लिए नापजोख हेतु 02 से 05 सितंबर तक विभिन्न जनपदों में आयोजित होने वाले शिविरों को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया गया है। आगामी शिविर की सूचना पृथक से दी जायेगी।

## आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती, 11 तक आवेदन

**अम्बिकापुर, 2 सितंबर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना दरिमा अम्बिकापुर-2 के परियोजना अधिकारी ने बताया कि परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका के रिक्त पदों हेतु खुली भर्ती से नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र 11 सितम्बर 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं। बाल विकास परियोजना दरिमा अम्बिकापुर-2 में आंगनबाड़ी सहायिका के 05 रिक्त पदों में भर्ती की जानी है। जिसकी सूची एकीकृत बाल विकास परियोजना दरिमा अम्बिकापुर-2 के कार्यालय तथा जनपद कार्यालय अम्बिकापुर के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त पदों पर केवल महिला ही आवेदन कर सकती हैं। आवेदन पत्र एकीकृत बाल विकास परियोजना दरिमा अम्बिकापुर-2 के कार्यालय में कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय पर जमा अथवा पंजीकृत डाक द्वारा निर्धारित अवधि तक भेज सकते हैं। नियुक्ति की विस्तृत शर्तों एवं अहर्ताओं के सबंध में परियोजना कार्यालय एवं जनपद पंचायत कार्यालय अम्बिकापुर के सूचना फ्लक का अवलोकन कर सकते हैं।

# भोपालपटनम में लगातार चोरी से दहशत

### आत्मानंद स्कूल से कंप्यूटर सिस्टम चोरी





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 02 सितंबर।** भोपालपटनम नगर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। रविवार और सोमवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने आत्मानंद स्कूल में सेंध लगाकर बड़ी चोरी को अंजाम दिया। चोरों ने प्रिंसिपल कक्ष का दरवाजा लात मारकर तोड़ा और अंदर से दो सीपीयू, एक डेस्कटॉप बैटरी, माउस और कीबोर्ड चोरी कर ले गए। दरवाजा प्लाई का बना होने से आसानी से टूट गया, जबकि ताला जस का तस लगा रहा। मौके पर दरवाजे पर जूतों के स्पष्ट निशान मिले।

सबसे अहम बात यह है कि स्कूल परिसर में DVR और केबलिंग लगभग चार साल पहले ही बिछा दी गई थी, लेकिन अब तक CCTV कैमरे नहीं लगाए गए थे। इसी कारण घटना रिकॉर्ड नहीं हो सकी। चोरी गए कंप्यूटर सिस्टम में विद्यार्थियों की उपस्थिति, परीक्षा से जुड़े दस्तावेज, फीस रिकार्ड और विभागीय पत्राचार की महत्वपूर्ण फाइलें सुरक्षित थीं। इनके गायब हो जाने से शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। आत्मानंद स्कूल की वारदात से पहले भी नगर में चोरी की एक बड़ी घटना हो चुकी है, जिसका खुलासा पुलिस ने किया था। लेकिन महज दस दिन में दूसरी बड़ी चोरी ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार हो रही चोरियों से नगरवासियों में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। नगरवासी अब प्रशासन से ठोस कदम उठाकर नगर में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं।

## आए दिन चोरी से जनता परेशान : बिलाल खान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 02 सितंबर।** भोपालपटनम नगर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से आमजन परेशान हैं। इस पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री बिलाल खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 से अब तक घरों, दुकानों और अब तो स्कूल जैसे शिक्षा मंदिरों तक में चोरी की वारदातें हो रही हैं। पुलिस की सक्रियता केवल गाड़ियों के चालान काटने और अवैध शराब बेचने वालों को दम कम दिखाने तक ही सीमित है। चोरी होने के बाद पुलिस कुछ दिनों तक अलर्ट दिखाती है, लेकिन असली चोर पकड़ने के बजाय निर्दोष युवाओं को घरों से उठाकर पूछताछ के लिए थाने ले जाती है। इससे उनके परिवारों को अपमान और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। श्री बिलाल खान ने कहा कि नगर में आए दिन भैंस चोरी, घरों से नगदी गायब होना, दुकानों में सेंधमारी और स्कूल से कंप्यूटर चोरी जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन पुलिस की भूमिका संदिग्ध बनी हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब नगरवासी सुरक्षा के लिए पुलिस पर भरोसा करते हैं, तो आखिर इस भरोसे को तोड़ा क्यों जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि नगरवासियों की पीड़ा और समस्याओं को लेकर वे शीघ्र ही राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात करेंगे और समस्या का समाधान निकालने की दिशा में पहल करेंगे।

## कलेक्टर-एसपी ने लिया सुरोखी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा

### पीड़ितों को समस्याओं के त्वरित निराकरण का दिया आश्वासन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 02 सितंबर।** लगातार बारिश से प्रभावित जिले के ग्राम सुरोखी का सोमवार को कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने दौरा किया। दोनों अधिकारियों ने गांव पहुंचकर बाढ़ से प्रभावित परिवारों की समस्याओं की जानकारी ली और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने पीड़ितों से कहा कि बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त हुए मकानों की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य शीघ्र कराए जाएंगे। उन्होंने संबंधित विभागों को त्वरित सर्वे कर प्रभावित परिवारों की सूची तैयार करने और सहायता राशि समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए स्कूल प्रबंधन को भी आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि बाढ़ जैसी आपदा के समय सुरक्षा और आवश्यक सहयोग हेतु पुलिस बल हर समय तत्पर रहेगा। उन्होंने गांव में आपसी सहयोग और सतर्कता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर भैरमगढ़ एसडीएम श्री विकास सर्वे, तहसीलदार श्री सूर्यकांत घरत, उपसरपंच श्री देवचंद सेठिया सहित पटवारी, सचिव और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही कुछ तात्कालिक समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देश भी दिए।

## बाढ़ प्रभावितों को शिक्षा विभाग ने किया आवश्यक सामग्री का वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 02 सितम्बर।** पिछले सप्ताह हुई भारी बारिश और उसके कारण आई बाढ़ से प्रभावित हुए लोहंडीगुड़ा तहसील के ग्राम पारापुर में प्राथमिक शाला घसीया पारा के बच्चों को शिक्षा विभाग द्वारा राहत सामग्री प्रदान की गई।

बाढ़ के कारण अपनी आवश्यक वस्तुएं खो चुके इन बच्चों के चेहरों पर स्कूल बैग, कॉपी, पेन और अन्य उपयोगी सामान पाकर मुस्कान लौट आई।

इस पहल के तहत बाढ़ प्रभावित बच्चों को स्कूल बैग के साथ-साथ कॉपी और पेन जैसे शैक्षिक सामग्री भी दी गई, ताकि उनकी पढ़ाई फिर से सुचारू रूप से शुरू हो सके। इसके अलावा, उन्हें थाली, ग्लास और कटोरी जैसे आवश्यक बर्तन भी दिए गए, जो बाढ़ के दौरान खराब हो गए थे या बह गए थे। यह राहत सामग्री बच्चों और उनके परिवारों के लिए एक बड़ी मदद साबित हुई है, क्योंकि बाढ़ ने उनके जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया था। इस प्रयास से न केवल बच्चों को जरूरी सामान मिला, बल्कि उन्हें यह भी अहसास हुआ कि संकट की इस घड़ी में वे अकेले नहीं हैं।

शिक्षा विभाग द्वारा इस कार्य को अंजाम देते हुए कहा गया कि उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बाढ़ के कारण बच्चों की शिक्षा पर कोई असर न पड़े।

## 2 कृषि केन्द्रों में उर्वरक विक्रय प्रतिबंधित

**रायपुर।** उर्वरक वितरण में अनियमितता पाए जाने पर कृषि विभाग की टीम द्वारा बालोद विकासखण्ड के मेसर्स सार्थक कृषि केन्द्र, बालोद तथा गुरूर विकासखण्ड के मेसर्स हर्ष कृषि केन्द्र, पलारी में उर्वरक विक्रय पर प्रतिबंध लगाए जाने की कार्यवाही की गई है। इस संबंध में दोनों प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं उप संचालक कृषि के निर्देशन में जिले में उर्वरक प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। 28 अगस्त 2025 को अनुविभागीय कृषि अधिकारी महेश कुमार, सहायक संचालक कृषि जे.आर. नेताम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केशव राम पिस्दा, कृषि विकास अधिकारी टिकेन्द्र कुमार पटेल (गुरूर) एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संनत कुमार भेड़िया द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान वहां अनियमितता का मामला पकड़ में आया जिसके फ्लस्वरूप उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 तथा उर्वरक (संचालन नियंत्रण) आदेश 1973 में निहित प्रावधानों के तहत यह कार्यवाही की गई।

## मुख्यमंत्री की पहल पर पूनम को मिली पुस्तकें और नया टेबलेट

### बाढ़ में बह गई थी पुस्तकें, टेबलेट भी हुआ खराब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 02 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर बाढ़ से प्रभावित दंतेवाड़ा की पूनम पटेल की प्रशासनिक अधिकारी बनने की तैयारी आगे भी निर्बाध जारी रहेगी। पूनम पटेल, दंतेवाड़ा जैसे नक्सल प्रभावित इलाके में रहकर पिछले तीन वर्षों से यूपीएससी की तैयारी कर रही हैं। हाल ही में दंतेवाड़ा में आई बाढ़ से प्रभावित होने के कारण पूनम का पूरा परिवार राहत शिविर में है। आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पूनम से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। मुख्यमंत्री की पहल पर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु पूनम को आवश्यक पुस्तकें और एक नया टेबलेट उपलब्ध कराया गया है। अब पूनम की यूपीएससी तैयारी में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। दंतेवाड़ा जिले के चूड़ी टिकरापारा वार्ड की रहने वाली पूनम पटेल पिछले तीन वर्षों से यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। हाल ही में आई बाढ़ में उनका घर क्षतिग्रस्त हो गया और घर का सारा सामान बह गया। पूनम ने बताया कि बाढ़ के पानी में उनकी सभी पुस्तकें बह गई और टेबलेट भी खराब हो गया। पूनम ने कहा कि उनके पिता श्री संतोष पटेल किराना दुकान चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं और उन्हीं की आमदनी से बड़ी मुश्किल से एक-एक पैसा जोड़कर यूपीएससी की पढ़ाई के लिए टेबलेट खरीदा था।

## शिक्षा के प्रति जागरूक करने छिंदनार में बच्चों ने निकाली रैली




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 2 सितंबर।** जिले के छिंदनार गांव में शनिवार को शिक्षा के प्रति जागरूक करने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सरपंच , सचिवों, शिक्षको समेत स्कूली बच्चों ने रैली निकाली। यह रैली गांव के विभिन्न वार्डों में निकाली गई इस दौरान यहां शिक्षा के प्रति जागरूक करने बच्चो ने नारे लगाए और सभी बच्चों को स्कूल भेजने व शिक्षा से जुड़े रहने प्रेरित किया गया । इस दौरान जनपद सदस्य जिलाराम कोर्राम , गांव के सरपंच , सचिव एव स्कूल के शिक्षक मौजूद रहे ।

## 3 कृषि विक्रय केंद्रों को कारण बताओ नोटिस

**रायपुर।** सक्ती जिले में कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों की गुणवत्ता एवं उनके विक्रय पर निगरानी के लिए सतत औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखण्ड जैजैपुर अंतर्गत हसौद, झरप एवं देवरघटा में संचालित 3 कृषि विक्रय केंद्रों के निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में उर्वरक निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मनोहर कुमार रात्रे द्वारा मेसर्स उदय ट्रेडर्स, हसौद, लहरे कृषि केन्द्र, झरप एवं भानू किसान समृद्धि केन्द्र, देवरघटा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पीओएस स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में अंतर, स्कंध पंजी का संधारण और प्रदर्शन बोर्ड का चस्पा नहीं पाए जाने जैसी अनियमितताएँ पाई गईं। इस पर तीनों विक्रय केंद्र संचालकों को उर्वरक (नियंत्रण) आदेश-1985 के अंतर्गत कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर प्राधिकार पत्र निलंबन की कार्यवाही की जाएगी।कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि किसानों को खरीफफसल हेतु उचित मूल्य पर उच्च गुणवत्ता युक्त खाद एवं कीटनाशक उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नकली खाद निर्माण, कालाबाजारी एवं अधिक मूल्य पर विक्रय करने वाले व्यापारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## मांदर में बाढ़ पीड़ितों को मिली राहत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर 02 सितम्बर।** पिछले सप्ताह आई भीषण बाढ़ से प्रभावित मांदर गांव के लोगों को प्रशासन और समाजसेवियों के संयुक्त प्रयासों से बड़ी राहत मिली है। बाढ़ के कारण कई स्कूली बच्चों के महत्वपूर्ण दस्तावेज, किसानों की फसलें और घरों को भारी नुकसान हुआ था, जिसका भरपाई करने के लिए त्वरित कदम उठाए गए हैं।

बाढ़ में जिन स्कूली बच्चों के जाति, निवास प्रमाण पत्र और अंकसूचियां खराब हो गई थीं, उन्हें दोबारा ये दस्तावेज बनाकर वितरित किए गए। अनुविभागीय अधिकारी श्री नीतीश वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी, खंड स्रोत समन्वयक श्री पीला राम सिन्हा और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मिलकर बच्चों को ये प्रमाण पत्र सौंपे। इसके साथ ही, संकुल समन्वयक श्री शिवचरण कश्यप ने प्रभावित बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन और कपड़े भी प्रदान किए। श्रीमती शालिनी तिवारी ने बच्चों से मिलकर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। माध्यमिक शाला कोटवारपारा मांदर और प्राथमिक शाला चिखला पारा मांदर के बच्चों को गणवेश और बिस्किट भी वितरित किए गए। शिक्षा विभाग के अंशकालीन स्वीपर संघ, विकासखंड लोहंडीगुड़ा के करीब 150 सदस्यों ने स्वयं प्रेरित होकर बाढ़ प्रभावित ग्राम मांदर में श्रमदान किया। इन सदस्यों ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए घरों के मलबे की सफाई की। जिन घरों में केवल महिला सदस्य थीं और सफाई करना संभव नहीं था, वहां स्वीपर संघ ने विशेष सहयोग दिया।

## शराब दुकान में प्रिंट रेट से ज्यादा दाम पर बेची जा रही शराब

### गांव-गांव में सप्लाई, मैनेजर और कर्मचारी कोचियों को कर रहे मालामाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर, 02 सितंबर।** जिले के भोपालपटनम शराब दुकान में अवैध कारोबार चरम पर है। दुकान का मैनेजर और कर्मचारी मिलकर कोचियों को कमीशन पर धड़ल्ले से शराब बेच रहे हैं और खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। यही वजह है कि भोपालपटनम ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों में भी अवैध शराब बिक्री का जाल फैला हुआ है।

ग्राहकों का कहना है कि दुकान में विदेशी शराब और बीयर की बोतलें प्रिंट रेट से 20 से 50 रुपये अधिक में बेची जा रही हैं। एक ग्राहक ने शिकायत में बताया कि 180 रुपये की अंकित कीमत वाली बोतल 200 रुपये में दी गई, वहीं बीयर की बोतल 200 की जगह 220 रुपये में थमाई गई। दुकान में रेट लिस्ट तक नहीं लगाई गई है और जब ग्राहक अधिक दाम वसूलने पर सवाल उठाते हैं तो मैनेजर और कर्मचारीयों व्दारा नियमों का हवाला दिया जाता हैं।

सूत्रों के मुताबिक, दुकान से रोजाना बड़ी मात्रा में शराब कोचियों को सप्लाई की जा रही है जो गांव-गांव जाकर इसे अवैध रूप से बेचते हैं। इतना ही नहीं कुछ कर्मचारी अपने घरों से भी शराब की बिक्री कर रहे हैं। इस अवैध कारोबार से मैनेजर और कर्मचारी मोटा मुनाफा कमा रहे हैं, जबकि आम ग्राहक लूट का शिकार हो रहा हैं।

आबकारी विभाग पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ग्राहकों का आरोप है कि लगातार शिकायतों के बावजूद विभाग आंख मूंदे बैठा है। न तो निरीक्षण होता है और न ही कार्रवाई। लोगों में यह धारणा गहराती जा रही है कि विभागीय अधिकारियों और शराब दुकान प्रबंधन के बीच गहरी साठगांठ है, जिसके चलते यह गोरखधंधा फल-फूल रहा है।

## बाढ़ से क्षतिग्रस्त डंकिनी पुल को तीव्र गति से किया जा रहा है दुरुस्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 2 सितंबर।** बीते 26 अगस्त को जिले में आए भीषण बाढ़ से जिले के कई पुल पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी चितालंका बायपास ब्रिज तो पुरी तरह से बाढ़ के आगोश में समा गया था पुल का नामोनिशान भी नहीं दिख रहा था तो वहीं दंतेवाड़ा डंकनी नदी पर बने 60 दशक पुराना पुल भी बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गया था। पुल का एक ओर का एब्समेंट पार्ट का एप्रोच बाढ़ के चपेट में आकर बह गया था जिसके बाद से इस पुल पर आवाजाही प्रशासन ने एहतियातन बंद कर दिया था। यह पुल नगर की लाइफलाइन मानी जाती है। बड़े पुल निर्माण के बाद भी इस पुल को बंद नहीं किया गया और इस पुल से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं। आगामी कुछ दिनों में शारदीय नवरात्र प्रारंभ होने वाला है। नवरात्रि में लाखों पदयात्री दूर दराज क्षेत्रों से माता के दर्शन पूजन के लिए दंतेवाड़ा पहुंचेंगे। नवरात्र में बड़ी संख्या में पदयात्री भी यहां आते हैं। पदयात्रियों को इसी छोटी पुल से होकर माता के दरबार तक पहुचना होता है ऐसे में इस पुल को जल्द से जल्द ठीक करने का प्रशासन के लिए एक चुनौति भी बनी हुई थी। मुख्यमंत्री श्री साय ने भी क्षतिग्रस्त पुलियों को शीघ्र मरम्मत कर उसमें आवाजाही शुरू करने के निर्देश प्रशासन को दिया था जिसके बाद से ही जिला प्रशासन ने डंकिनी पुल को दुरूस्त करने का काम शुरू कर दिया है। लोक निर्माण विभाग को डंकिनी पुल को दुरूस्त कर उसे अतिशीघ्र चालू करने की जिम्मेदारी कलेक्टर ने सौंपा है। पुल के पुर्ननिर्माण का काम तेजी से शुरू भी हो चुका है। मिटटी डालने एवं उसे डोजर से दबाकर एप्रोच वाले हिस्से को भरा जा रहा है ऐसा माना जा रहा है कि एक सप्ताह के भीतर भीतर डंकिनी पुल को तैयार कर लिया जाएगा जिसके बाद आम लोगों के लिए इस पुल को खोल दिया जाएगा।

## एक नजर

### श्रमिकों के पंजीयन और योजनाओं के लाभ के लिए मोबाइल कैंप 5 सितंबर से

**महासमुंद 2 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीयन नवीनीकरण और योजनाओं के आवेदन एवं निराकरण के लिए मोबाइल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इन कैंपों का आयोजन विकासखंडवार अलग अलग तिथियों पर किया जाएगा। पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर एवं असंगठित कर्मकार के पंजीयन हेतु आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर एवं आय प्रमाण पत्र साथ लाएं। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सरपंच एवं सचिव को निर्देशित किया गया है कि वे ग्राम पंचायतों में मुनादी कराएं, ताकि सभी श्रमिकों को इस कैंप की जानकारी दी जा सके।मोबाइल कैंप का आयोजन जिले में 5 सितम्बर से 15 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। जिसमें सरायपाली विकासखण्ड में 05 सितंबर को ग्राम कनकेवा में, 12 सितंबर को राफेल, 19 सितंबर को कुसमीसरार, 26 सितंबर को बरिहापाली, 06 अक्टूबर को बैदपाली, 10 अक्टूबर को अर्जुन्दा एवं 15 अक्टूबर को रूढ़ा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत 8 सितंबर को धनोरा में, 15 सितंबर को बरेकेलखुर्द, 22 सितंबर को कसीबहरा, 29 सितंबर को पिलवापाली, 7 अक्टूबर को अरंड एवं 13 अक्टूबर को छिंदौली में, बसना विकासखण्ड अंतर्गत 9 सितंबर को आमापाली में, 16 सितंबर को खरोरा, 23 सितंबर को परसकोल, 30 सितंबर को भूकेल, 8 अक्टूबर को चिमरकेल, 13 अक्टूबर को कायतपाली एवं 15 अक्टूबर को बिटांगीपाली में कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत 10 सितंबर को मोंगरापाली, 17 सितंबर को डोंगरगांव, 24 सितंबर को खैरटखुर्द, 01 अक्टूबर को कलमीदादर, 9 अक्टूबर को तुपकबोरा, 14 अक्टूबर को गांजर में, महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत 11 सितंबर को उमरदा में, 18 सितंबर को सोरिद, 25 सितंबर को कौन्दकेरा, 3 अक्टूबर को जामली, 10 अक्टूबर को साराडीह एवं 14 अक्टूबर को बकमा में मोबाईल कैंप का आयोजन किया जाएगा।

### समिति में खाद पहुंचने पर जल्द से जल्द किसानों को बांटें : कलेक्टर

**महासमुंद 2 सितम्बर ।** प्रभारी कलेक्टर श्री हेमंत नंदनवार ने आज सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सचिन भूतड़ा एवं रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।प्रभारी कलेक्टर श्री नंदनवार ने कहा कि सहकारी समिति में खाद पहुंचने पर इसे तत्काल किसानों को बांटना सुनिश्चित करें। साथ ही ऐसे निजी दुकानों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें जहां अवैध खाद का भण्डारण एवं ऊंचे दामों पर बेचने की शिकायत प्राप्त हो रही है। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। डीएमओ ने बताया कि बसना और सरायपाली में 250-250 टन यूरिया की खेप आगामी दो दिन में पहुंचेगी जिसे किसानों को वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खाद के भंडारण के पश्चात सभी विकासखण्डों में वितरण सुनिश्चित करें।

### बजट में स्वीकृत कार्यों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रक्रिया जल्द शुरू करें : कलेक्टर

**रायगढ़, 2 सितम्बर।** जिला कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आज समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने विभिन्न विभागों की कार्यप्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने लंबित प्रकरणों, जनदर्शन एवं पीजीएन पोर्टल से प्राप्त आवेदनों, विभागीय पत्रों और योजनाओं की स्थिति पर चर्चा करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि वर्ष 2024-25 के बजट में जिले के लिए अनेक अधोसंरचना विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं। जिन्हें जल्द प्रारंभ किया जाना है। उन्होंने ऐसे कार्य जिनकी प्रशासकीय स्वीकृति लंबित है उसकी विभाग से स्वीकृति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जहां स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है वहां टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएमजीएसवाई, पीडब्ल्यूडी, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के अधूरे, अप्रारंभ एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि अप्रारंभ कार्यों को तत्काल शुरू कराएं।

### बाल कलाकार मास्टर पार्थ यादव ने किया अद्भुत तबला वादन



**रायगढ़, 2 सितम्बर।** चक्रधर समारोह 2025 के मंच पर जब कोरबा के प्रतिभाशाली बाल कलाकार मास्टर पार्थ यादव ने तबला वादन प्रस्तुत किया, तो उनकी साधना और लगन स्पष्ट झलक उठी। कम उम्र में ही उन्होंने इस कला में अपनी अलग पहचान स्थापित कर ली है।अपने गुरुओं श्री मोरध्वज वैष्णव एवं श्री नवीन महंत के मार्गदर्शन में पार्थ यादव ने निरंतर अभ्यास और समर्पण से ताल और लय की अनोखी समझ विकसित की है। पाली महोत्सव, कोरबा महोत्सव सहित कई राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रस्तुतियों से वे पहले ही प्रशंसा प्राप्त कर चुके हैं।

# शिवरतन ने साहू समाज के भवन का लोकार्पण किया



**सिमगा,2 सितंबर।** कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में साहू समाज के भवन के लोकार्पण के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भारतीय जनता पार्टी श्री शिवरतन शर्मा ने कहा हम हम सब यहां पर साहू समाज के भवन के लोकार्पण के अवसर पर उपस्थित है आप सभी 18 गांव के समाज के प्रमुख यहां पर उपस्थित हो कौन-कौन समाज के प्रमुख जहां पर संत माता कर्मा का जन्म हुआ था वहां गया है दानवीर भामाशाह के बारे में आप लोग को विस्तृत क्या-क्या जानकारी है समाज के प्रमुख होने के नाते आप सबको इन सब चीजों की जानकारी होनी चाहिए श्री शर्मा ने कहा हम सब संत माता कर्मा को दानवीर भामाशाह को अपना आदर्श मानते हैं वह महापुरुष है और पूरा देश दुनिया उनको स्वीकार करती है तब महापुरुष की उपाधि दी जाती है वह खाली समाज के लिए नहीं हर वर्ग हर समाज के उत्थान के लिए कार्य करते हैं साहू समाज की एकता साहू समाज की अखंडता अपने आप में एक मिसाल है आप सब समाज के हित के लिए सोचते हो लेकिन साथ ही साथ आपको आने वाली युवा पीढ़ी के बारे में विचार करना चाहिए समाज के प्रमुखों को साहित्य छपवा कर हर घर में बंटवाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को याद रहे की हमारे समाज के जो आदर्श हैं हमारे समाज के जो महापुरुष हैं जिनको हम भगवान मानते हैं उनका जन्म स्थान कहां था उन्होंने क्या-क्या किया जिससे पूरा देश उनका महापुरुष और भगवान की उपाधि दे रहा है यह आने वाली पीढ़ी के लिए जानने की आवश्यकता है श्री शर्मा ने कहा मेरे लिए सौभाग्य का विषय है पूरे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में मेरे द्वारा लगभग 60 साहू समाज के भवन का निर्माण करवाया गया है मुझे खुशी होती है कि साहू समाज के साथ-साथ विभिन्न समाज के लोग उसे भवन का उपयोग सुख में दुख में करते हैं साहू समाज एक अग्रणी समाज है और जिस समाज के महापुरुष के आगे दानवीर भामाशाह लिखा हो जिनको दान के नाम से जाना जाता हो ऐसे महापुरुष को मैं प्रणाम करता हूं ऐसे संत भक्त माता कर्मा को मैं प्रणाम करता हूं जिसके वंशज आप लोग हो मुझे खुशी होती है जब मैं विकास कार्य के लिए अपने क्षेत्र में देखता हूं तो खाली एक समझ नहीं हर समाज के भवन के निर्माण में भारतीय जनता पार्टी का योगदान है और मैं गर्व के साथ कह सकता हूं चाहे डॉक्टर रमन सिंह की सरकार हो चाहे विष्णु जी की सरकार हो हमने भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में साहू समाज के साथ-साथ विभिन्न समाज के भवन का निर्माण करवाया है और आज वह भवन सभी समाज के लोगों के कार्य में आ रहा है श्री शर्मा ने कहा आप जो कहते हैं उसको मैं पूरा करने का प्रयास करता हूं चाय में जनप्रतिनिधि रहा यह जनप्रतिनिधि नहीं रहा तो भी मैं अपने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा अग्रसर रहता हूं मुझे लगता है क्षेत्र का विकास होना चाहिए।

# राह चलती लड़कियों से करता था छेड़छाड़ जशपुर पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**जशपुर, 2 सितंबर ।** जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र में राह चलती लड़कियों से अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ करने वाले एक सिरफिरे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की पहचान हेमंत उर्फ हर्षित यादव (22 वर्ष), निवासी महुआ टोली, पत्थलगांव के रूप में हुई है। वहीं उसका एक साथी फरार है, जिसे पुलिस ने चिन्हित कर लिया है और तलाश जारी है। जब एक युवती अपनी बहन और सहेलियों के साथ पत्थलगांव स्थित कॉफी हाउस जा रही थी। इसी दौरान अंबिकापुर रोड पर शर्मा मेडिकल स्टोर के पास आरोपी हेमंत यादव अपने एक साथी के साथ बाइक पर पीछा करते हुए आया और लड़कियों पर अश्लील टिप्पणियां करने लगा। आरोपी ने युवती की बहन के कंधे पर हाथ मारा और कुछ दूरी पर बाइक रोककर फिर से लड़कियों का रास्ता रोक लिया।इसके बाद आरोपी ने पीड़िता का हाथ पकड़ने की कोशिश की और मोबाइल नंबर मांगने लगा। युवती के चिल्लाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। बताया गया कि हेमंत यादव पहले भी कई बार इन लड़कियों का पीछा कर अश्लील इशारे करता रहा है।पीड़िता की शिकायत पर थाना पत्थलगांव में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74, 78 और 79 के तहत मामला दर्ज किया गया। महिला सुरक्षा से जुड़े इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने पत्थलगांव पुलिस को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

# स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने केंद्रों का लगातार किया जा रहा निरीक्षण

**जशपुरनगर, 2 सितंबर ।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देश पर जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ और जनोन्मुखी बनाने हेतु व्यापक अभियान के अंतर्गत लगातार स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है और अव्यवस्था पाए जाने पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में राजस्व विभाग के अधिकारियों और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी एस जात्रा द्वारा रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केसरई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसाबहार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तमता, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मैनी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुनकुरी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सन्ना का अकस्मात निरीक्षण किया गया। उन्होंने इन स्वास्थ्य केंद्रों में जनसुविधा हेतु सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, दवाइयों का स्टॉक, स्वच्छता व्यवस्था, कर्मचारियों की उपस्थिति, प्रसव कक्ष और लैब की कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया और उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को सेवा भाव के साथ कार्य करने को कहा। इसके साथ अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए।

इसके तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केसरई के निरीक्षण के दौरान अपने कार्यक्षेत्र में अनुपस्थित होने की वजह से चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी पैंकरा को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसाबहार के बीएमओ डॉ. विनय भगत को स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्था पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तमता के चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण किण्डो को कार्यक्षेत्र में अनुपस्थित रहने की वजह से कारण बताओ नोटिस और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मैनी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. छाया लकड़ा और डॉ. अदिति मोना टोप्पो को स्वास्थ्य केंद्र बंद पाए ।

### हीना दास ने ओडिसी नृत्य से दिखाया नवदुर्गा का अद्भुत रूप

**रायगढ़, 2 सितम्बर।** चक्रधर समारोह 2025 के मंच पर रायगढ़ की युवा कलाकार हीना दास ने ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया। बचपन से ही इस विधा का अभ्यास कर रहीं हीना वर्तमान में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने इंटरनेशनल ओडिसी डांस फेस्टिवल, खैरागढ़ महोत्सव, मैनपाट महोत्सव और देवदासी नृत्यांजली महोत्सव जैसे कई राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रस्तुतियां देकर ख्याति अर्जित की है। साथ ही उन्हें मथुरराज नृत्यश्री सम्मान, कट्टक नवीन कला सम्मान और नृत्यांजली भुवनेश्वर सम्मान से अलंकृत किया जा चुका है।समारोह में हीना दास ने नवदुर्गा' पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया।

# पहाड़ी कोरवा जनजाति के ग्रामीण की घर खाली कराने की कार्रवाई से मौत,ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

**बलरामपुर, 2 सितंबर ।** रामानुजगंज रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम रेवतीपुर में कोरवा जनजाति के ग्रामीण की मृत्यु रविवार के शाम घर में हो गई थी स्वजनों एवं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग के द्वारा घर खाली करने के लिए हस्ताक्षर कराया गया था जिसके तनाव में आकर उसकी मृत्यु हो गई। स्वजनों एवं ग्रामीणों के द्वारा आज चक्का जाम रामचंद्रपुर सनवाल मुख्य मार्ग पर कर दिया गया था सूचना पर मौके पर रामचंद्रपुर पुलिस एसडीओपी बाजीलाल सिंह मौके पर पहुंची जिनके द्वारा उचित कार्रवाई का भरोसा दिया जिसके बाद ही चक्का जाम टूट सका। चक्का जाम टूटने के बाद 100 को पोस्टमार्टम के लिए 100 बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज भेजा गया।

स्वजनों एवं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 5 दिनों से लगातार वन विभाग की टीम गांव में आ रही थी एवं घरों के जप्ती नामा पर हस्ताक्षर कराकर फोटो खींचकर घर गिराए जाने की बात कही जा रही थी। जिससे रेवतीपुर के वार्ड क्रमांक 8 में रहने वाला बिफन कोरवा पिता रामधनी कोरवा उम्र 50 वर्ष तनाव में रह रहा था कई दिन से वह खाना पीना छोड़ दिया था शाम को उसने जैसे ही पानी पीकर चलना शुरू किया गिरकर उसकी मृत्यु हो गई। रेवतीपुर की सरपंच ऐसा खातून ने कहा कि वन विभाग के द्वारा घर गिरने के नाम पर बिफन को बहुत ही भयभीत कर दिया गया था जिसे उसने खाना पीना छोड़ दिया था जिससे उसकी मृत्यु हुई है। सुबह 7 से लेकर 10 तक 3 घंटे तक चक्का जाम रहा एसडीओपी की समझाइए इसके बाद चक्का जाम टूट सका।

रेंजर अजय वर्मा ने कहा कि मृतक का किसी प्रकार से वन अपराध दर्ज नहीं है नहीं उसे किसी प्रकार का वन विभाग की ओर से नोटिस दिया गया था वन विभाग की टीम गांव में वन अधिकार पट्टा के शिकायत पर जांच करने पहुंची थी उन्होंने आरोपी का खंडन किया।

# चक्रधर समारोह: छग से 50 कलाकार शामिल

**रायगढ़, 2 सितम्बर।** चक्रधर समारोह को शासन प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम बनाने की पूरी कोशिश की जाती रही है। इसलिये स्थानीय के नाम पर केवल रायगढ़ से ही सभी कलाकार लिया जाना संभव नहीं हो पाता है। चक्रधर समारोह की गरिमा महाराजा चक्रधर सिंह की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी हुई है उनके समय मे भी देश के नामी कलाकारों से समन्वय बना रहा है। राष्ट्रीय कलाकारों और छत्तीसगढ़ के बड़े कलाकारों को इस इरादे से भी आमंत्रित किया जाता रहा है ताकि उनसे प्रेरित होकर रायगढ़ से भी राष्ट्रीय स्तर की नामचीन प्रतिभाएं तैयार हो सकें। इस बार के चक्रधर समारोह में कुल 63 प्रतिशत कलाकार छत्तीसगढ के हैं, जो विगत वर्षों की तुलना में सर्वाधिक हैं। चयन समिति के द्वारा पूरी कोशिश होती है कि स्वतंत्र रूप से सभी कलाकारों को मंच पर अवसर दिये जाने का प्रयास हो।

चक्रधर समारोह में 4 पद्मश्री सहित देश और प्रदेश के ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं। सभी से समन्वय कर कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। यदि किसी कलाकार द्वारा कार्यक्रम में मानदेय के चलते सहभागिता को लेकर किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई है तो इस पर आयोजन समिति स्पष्ट करती है कि किसी कलाकार के भुगतान सहमति की राशि वही हो सकती है जो आयोजन समिति ने बताई हो। यही अधिकारिक मानदेय मानना चाहिये। यदि किसी कलाकार को आयोजन समिति के बजाय किसी अन्य माध्यम से राशि तय होने की सूचना मिली हो तो उसे उचित नहीं माना जा सकता बल्कि उनको स्वयं भी अथवा अपने सक्षम प्रतिनिधि द्वारा आयोजन समिति से सहमति के संबंध में चर्चा करनी चाहिये। इस मामले का अवलोकन करने पर पाया गया है कि पर्याप्त संवाद के अभाव में संभवतः भ्रम की स्थिति निर्मित हुई है। किसी कलाकार के तय मानदेय में कटौती का प्रश्न ही नहीं है। आयोजन समिति द्वारा एक तय राशि ही बताई जाती है। स्थानीय कलाकार के लिये प्रशासन हमेशा संवेदनशील होता है।कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के उपरांत भी कुछ उभरते कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुति का अनुरोध किया गया। सारे कार्यक्रम स्लॉट भरे जा चुके थे,

# तीज महोत्सव में शामिल हुए डिप्टी सीएम साव



**रायपुर, 2 सितंबर।** हाईस्कूल मैदान में सोमवार 01 सितंबर 2025 को तीज महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव अपनी धर्मपत्नी श्रीमती मीना साव के साथ विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोरमी विधानसभा क्षेत्र की माताएं और बहनें मौजूद रहीं।

सांस्कृतिक संध्या में लोकगायिका गरिमा स्वर्णा दिवाकर ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। जब उन्होंने लोकप्रिय लोकगीत ÷मुख मुरली बजाए छोटे से श्याम कन्हैया÷ गाया तो पूरा पंडाल झूम उठा। इसी बीच डिप्टी सीएम अरुण साव भी मंच पर थिरकते नजर आए, जिनकी झलक ने दर्शकों का उत्साह और दोगुना कर दिया।महोत्सव में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केसरवानी, सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# वृद्ध से मंगलसूत्र छीनकर फरार दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**खैरागढ़.,2 सितंबर।** पुलिस चौकी जालबांधा और साइबर सेल खैरागढ़ की संयुक्त टीम ने पानी मांगने के बहाने वृद्ध महिला से मंगलसूत्र छीनकर फरार होने वाले शातिर गिरोह को पकड़ लिया है. घटना 21 अगस्त के दोपहर की है, जब ग्राम सलोनी में दरवाजे पर पानी मांगने पहुंचे दो युवकों ने अचानक महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र झपटा और बाइक से फरार हो गए थे. वारदात के बाद इलाके में दहशत फैल गई. पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा के सख्त निर्देश और पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने मामला सुलझा लिया।

जांच के दौरान संदेह की सुई ग्राम करमतरा के दो युवकों पर आकर ठहर गई. हिरासत में लेकर पूछताछ हुई तो मकसूदन साहू (21) और ओमप्रकाश साहू (19) ने अपना अपराध कबूल कर लिया. पुलिस ने आरोपियों से न केवल चोरी गया मंगलसूत्र और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की, बल्कि बड़ी मात्रा में छिपाकर रखे गए आभूषणों को भी जब्त किया है. बरामद सामान में तीन सोने के लॉकेट, दो सोने के नेकलेस, चांदी के कड़े, अंगूठियां, बिछिया, ताबीज, करधन और पायल शामिल हैं. जब्त आभूषणों की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये आंकी गई है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने रायपुर, धमतरी और बालोद जिलों में भी चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 304(2), 3(5) समेत कई धाराओं में अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया.खैरागढ़ पुलिस की इस सफलता ने क्षेत्र में बढ़ती चैन स्नैचिंग और चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

# जलाशय लबालब पर कई गांवों के खेत हैं प्यासे



**बिलासपुर,2 सितंबर।** खारंग जलाशय इस समय लबालब है. जल संसाधन विभाग ने 9 अगस्त को बाकायदा ऐलान किया था कि पानी छोड़ा जा रहा है और जिले के 212 गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा. विभाग ने यह भी दावा किया कि 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता से भरे जलाशय से नहरों में हर मिनट 150 क्यूसेक लीटर पानी छोड़ा जा रहा है. कागजों पर यह राहत योजना किसानों की उम्मीद जगाने वाली थी. लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी कहती है. मस्तूरी ब्लॉक के दो दर्जन गांवों में आज भी खेत प्यासे हैं और किसान आसमान की ओर ताक रहे हैं. खरीफ मौसम में धान की फसल के लिए यह बेहद ही महत्वपूर्ण सीजन है. अगामी पखवाड़े में धान के लिए पानी की मात्रा आगामी उत्पादन की मात्रा को तय करता है. लेकिन मस्तूरी ब्लॉक के दो दर्जन ऐसे गांव है जहां खेतों पर नजर डालें तो सुखे जैसी स्थिति नजर आती है.खारंग जलाशय में 100 फीसदी जल भराव होने के साथ ही जल संसाधन विभाग ने 9 अगस्त को जनप्रतिनिधियों के मौजूदगी में बड़े तामझाम के साथ खारंग जलाशय के दोनो तट से पानी छोड़ा गया था. एक पखवाडा बीत जाने के बावजूद जिन गांवों तक नहरों से पानी पहुंचना था, जल संसाधन विभाग की उदासीनता के कारण वहां अब तक 40 सेंटीमीटर से ज्यादा पानी नहीं पहुंच पा रहा है. इसके अलावा उपर के गांव वालों के द्वारा नहर हेडअप करके सिंचाई किए जाने के कारण टेल एरिया में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जल संसाधन विभाग की माने तो 10 वर्षों में यह पहली बार है जब किसानों की किसी विशेष मांग के बिना ही विभाग ने खुद ही पानी छोड़ने का फैसला किया है. दरअसल, जुलाई के मध्य तक बांध का वेस्टवियर ओवरफ्लो होने लगा था, जो अपने आप में रिकॉर्ड है. लेकिन खास बात यह है कि बांध में पर्याप्त पानी होने के बावजूद यदि जिले के किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलेगा तो कम बारिश में क्या उम्मीद की जा सकती है.

विभाग के अधिकारी लगातार दावा करते हैं कि किसानों को पानी मिल रहा है और फसलों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी. मगर जब नहरों के अंतिम छोर वाले गांवों में वास्तविक स्थिति देखी जाती है तो तस्वीर बिल्कुल उलट मिलती है. कई गांवों के किसानों ने साफ कहा कि खेतों में नमी बनाए रखने तक का पानी उपलब्ध नहीं है, जिससे बुआई और बढ़वार दोनों प्रभावित हो रही है.

### विभाग से जिम्मेदारी की आस

खारंग का पानी कागजों और फाइलों में तो पूरे जिले के किसानों तक पहुंच रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर हकीकत यह है कि लबालब जलाशय के बावजूद खेतों में सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है. किसान अब या तो आसमान से बारिश का इंतजार कर रहे हैं या विभाग से जिम्मेदारी निभाने की गुहार लगा रहे हैं।

# शासन की योजनाओं का लाभ जनता तक समय पर पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर



**रायगढ़, 2 सितम्बर।** जिला कलेक्टोरेट परिसर में प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में आज कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों की समस्याएं, शिकायतें और मांगों को गंभीरता से सुना। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप आमजनों की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि समस्याओं के समाधान में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर आमजनों को राहत पहुंचाई।

जनदर्शन में ग्राम नंदगांव के ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच एवं सचिव द्वारा सांस्कृतिक मंच, पचरी और शौचालय निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने की शिकायत की और कार्य पूर्ण कराने की मांग रखी। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को टीम गठित कर 7 दिवस में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ग्राम विजयनगर के ग्रामीणों ने आश्रित ग्राम कोमापारा को राजस्व ग्राम का दर्जा देने की मांग की, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों को मिल सके। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए। ग्राम बड़े देवगांव की महेतरीन बाई ने ऑनलाइन राजस्व रिकॉर्ड दुरुस्त कराने की समस्या रखी।ग्राम छपोरा के गुणसागर डडसेना ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण की राशि उपलब्ध कराने का आवेदन दिया। ग्राम तुरेकेला के ग्रामीणों ने नवनिर्मित सीसी रोड की खराब गुणवत्ता की शिकायत कर जांच की मांग की।

### ग्राम पंचायतों को अब सामाजिक प्रस्थिति प्रमाणपत्र आय निवास प्रमाण पत्र आनलाइन कराए जाएंगे उपलब्ध

**रायगढ़, 2 सितम्बर।** जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं के सामाजिक एवं शैक्षणिक उत्थान को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन द्वारा एक नई पहल की गई है। रायगढ़ जिले की सभी 10 तहसीलों- रायगढ़, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा, मुकडेगा, धरमजयगढ़, कापू और छाल के लिए यह योजना लागू की गई है। जिले के अंतर्गत आने वाले तहसीलों एवं ग्राम पंचायतों को अब सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र एवं आय निवास प्रमाण पत्र सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए इच्छुक आवेदक 25 सितंबर 2025 की शाम 5 बजे तक अपनी निविदा रजिस्टर्ड या स्पीड पोस्ट के माध्यम से कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा, रायगढ़ कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय के बाद प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। सभी निविदाएं 25 सितंबर 2025 को शाम 5.15 बजे खोली जाएंगी।

# एनईएस कॉलेज परिसर जशपुर में रोजगार मेला का आयोजन 8 को

**जशपुरनगर, 2 सितंबर ।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर में 08 सितम्बर 2025 को प्रातः 11.00 बजे से एनईएस कॉलेज में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा हैं। रोजगार मेला हेतु पीपल ट्री वेंचर्स ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड आशीष केसरवानी, टैंगो सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड अनिल भगत, शाही एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड शशिरेखा सिदार, जायसवाल ढाबा दोडका चौरा जशपुर भरत जायसवाल, सेफ इंटेलिजेंट सिक्योरिटी सर्विसेज कांति लाल रात्रे, स्वतंत्र माइक्रोफिन अनिमेष पटेल, श्रमिन टैलेंट प्राइवेट लिमिटेड विभांशु लोधी, श्री राम फायनेंस जशपुर विविक गुप्ता और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस मनोज से विभिन्न पदों के लिए रिक्तियॉ प्राप्त हुई है। इनमें पीपल ट्री वेंचर्स ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड से होम केयर नर्सिंग के 100, सुरक्षा गार्ड के 100, बीएससी नर्सिंग के 100, आईटीआई तकनीशियन के 35, फील्ड ऑफिसर स्नातक के 15, बीपीओ कॉल सेंटर के 30, बैंकिंग क्षेत्र के 15, रिटेल बैंक ऑफिस स्टाफके 20 एवं डिलीवरी बॉय के 10 पदों हेतु रिक्तियॉ प्राप्त हुई है। इसी प्रकार टैंगो सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से सुरक्षा पर्यवेक्षक एवं सुरक्षा गार्ड के 50-50, शाही एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड से फील्ड वर्कर के 10, जायसवाल ढाबा दोडका चौरा जशपुर से प्रबंधक के 02, रसोइया के 05, लेखाकार के 02, वेटर के 10, सफाईकर्मी के 05, सुरक्षा गार्ड के 03, सेफ इंटेलिजेंट सिक्योरिटी सर्विसेज से सुरक्षा गार्ड महिला-पुरुष के 100, लेबर के 10, स्वतंत्र माइक्रोफिन से फील्ड ऑफिसर के 50, कलेक्शन ऑफिसर के 20, श्रमिन टैलेंट प्राइवेट लिमिटेड से तकनीशियन के 100, पर्यवेक्षक के 100, श्री राम फायनेंस जशपुर से डायरेक्ट एग्जीक्यूटिव सेल्स ऑफिसर, प्रशिक्षु सेल्स मैनेजर स्नातक, शाखा संचालन निष्पादन एवं प्रशिक्षु सेल्स मैनेजरद् स्नातक एवं सेल्स मैनेजर के 07-07 और सहायक शाखा प्रबंधक के 05, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस से विकास प्रबंधक के 05, एसबीआई लाइफ मित्रा के 50 पदों की रिक्तिय प्राप्त हुए हैं।

**एक नजर**

## मिचेल स्टार्क ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**नई दिल्ली 02 सितंबर।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है.अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लिया है. 35 वर्षीय स्टार्क संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित 2021 टी20 विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे.उन्होंने अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जून 2024 में भारत के खिलाफ विश्व कप में खेला था. स्टार्क ने टी20 के सबसे छोटे प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते हुए 65 मैचों में 79 विकेट लिए हैं. वह वर्तमान में एडम जम्पा के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक विकेट लेने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं.स्टार्क ने संन्यास लेते हुए कहा, टेस्ट क्रिकेट हमेशा से मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है. मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले गए हर टी20 मैच, खासकर 2021 विश्व कप के हर पल का आनंद लिया है. सिर्फ इसलिए नहीं कि हम जीते बल्कि इसलिए भी कि हम एक अविश्वसनीय टीम में थे और इस दौरान जो मजा आया.स्टार्क ने आगे कहा, 2027 में भारत के खिलाफ टेस्ट दौरे, एशेज और वनडे विश्व कप को देखते हुए, मुझे लगता है कि इन अभियानों के लिए तरोताजा फिट और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर बने रहने का यह मेरा सबसे अच्छा तरीका है. इससे गेंदबाजी टीम को उस टूर्नामेंट से पहले के मैचों में टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए भी समय मिल जाता है. स्टार्क का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन रहा है. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 65 टी20 मैचों में 79 विकेट चटकाए हैं.

इस दौरान उनका बेस्ट प्रदर्शन 20 रन देकर 4 विकेट रहा है. ऑस्ट्रेलिया का 2026 के मध्य से टेस्ट मैचों का कार्यक्रम काफी व्यस्त है, जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ एक घरेलू श्रृंखला, दक्षिण अफ्रीका का दौरा, न्यूजीलैंड के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला और जनवरी 2027 में भारत में पांच टेस्ट मैच शामिल हैं.

इसके बाद वे इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र 150वीं वर्षगांठ का मैच और फिर विदेश में 2027 में एशेज. स्टार्क ने टी20 प्रारूप से हटने की घोषणा ऑस्ट्रेलिया द्वारा अक्टूबर की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा के बाद की है. मिशेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, टिम डेविड, बेन ड्वार्शुइस, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैट कुहनेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा.

# भारत के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज से बाहर हुए पैट कमिंस

### टेस्ट सीरीज के दौरान पीठ में लगी थी चोट



**नई दिल्ली, 02 सितंबर।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज पैट कमिंस अक्टूबर-नवंबर में भारत के खिलाफ होने वाली वनडे और टी-20 सीरीज से बाहर हुए हैं। दरअसल, वेस्टइंडीज दौरे में खेली गई टेस्ट सीरीज के दौरान उनकी पीठ में चोट लगी थी, जिससे वह फिलहाल उबर रहे हैं। इसके साथ-साथ ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान कमिंस अक्टूबर 2025 में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज का हिस्सा भी नहीं होंगे। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पुष्टि की है कि स्कैन में फ्रैक्चर नहीं आया है, लेकिन हड्डी में खिंचाव इतना ज्यादा था कि उन्हें आराम की जरूरत पड़ी है। नवंबर 2021 में कप्तानी संभालने के बाद से इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने टेस्ट क्रिकेट में काफी जिम्मेदारी संभाली है। इस दौरान चोट के कारण उन्होंने सिर्फ 2 टेस्ट मैच नहीं खेले हैं। इस बीच ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब भी जीता था। कमिंस ने वेस्टइंडीज के दौरे पर हुए तीनों टेस्ट में हिस्सा लिया था, जिसमें उन्होंने 5 पारियों में गेंदबाजी की। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने कैरेबियाई दौरे पर कुल 60 ओवर किए थे, जिसमें 18.12 की औसत के साथ 8 विकेट लिए थे। वह एक भी पारी में 5 विकेट हॉल हासिल करने में नाकाम रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज को क्लीन स्वीप किया था। कमिंस हाल के दिनों में ऑस्ट्रेलिया के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, लेकिन पीठ की चोटों से उनका पुराना नाता रहा है। अपने करियर के शुरुआती सालों में भी पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण वह क्रिकेट से दूर रहे थे। 2017 में पूरी तरह वापसी करने के बाद से कमिंस ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण में लगातार मौजूद रहे हैं, और इंग्लैंड के खिलाफ पिछले 20 टेस्ट मैचों में से केवल 1 में नहीं खेले हैं।

ऐसी उम्मीद है कि कमिंस इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ होने वाली प्रतिष्ठित एशेज सीरीज में वापसी करेंगे। बता दें कि 21 नवंबर से एशेज सीरीज खेली जानी है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया को 1 अक्टूबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी है। इसके बाद कंगारू टीम 19 अक्टूबर से भारत के खिलाफ अपने घर पर वनडे सीरीज और 29 अक्टूबर से टी-20 सीरीज में हिस्सा लेगी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की टी-20 टीम- मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, टिम डेविड, बेन ड्वार्शिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, मैट कुहनेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस और एडम जैम्पा।

## पाकिस्तान के आसिफ अली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**नई दिल्ली, 02 सितंबर।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज आसिफ अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया। 33 वर्षीय आसिफ ने स्पष्ट किया कि वह घरेलू क्रिकेट और दुनिया भर की फ्रैंचाइजी लीगों में खेलना जारी रखेंगे। वह 2022 में हुए टी-20 विश्व कप के फाइनल और 2021 के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पाकिस्तानी टीम का अहम हिस्सा रहे थे। आइए उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

आसिफ ने अपने संन्यास के मौके पर सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और क्रिकेट के मैदान पर अपने देश की सेवा करना मेरे लिए सबसे गौरवपूर्ण अध्याय रहा है। उन्होंने 2018 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था। वह आखिरी बार 2023 में पाकिस्तान की जर्सी में नजर आए थे। वह एशिया कप 2023 में आखिरी बार खेलते हुए दिखे थे।

आसिफ ने पाकिस्तान से 21 वनडे मैच खेले थे, जिसमें 25.46 की औसत और 121.65 की स्ट्राइक रेट के साथ 382 रन बनाए थे। उन्होंने 3 अर्धशतक भी लगाए थे। टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में उन्होंने 58 मैच खेले थे, जिसमें 133.87 की स्ट्राइक रेट के साथ 577 रन बनाए थे। वह कोई अर्धशतक नहीं लगा सके थे। वह पाकिस्तान की ओर से कोई टेस्ट क्रिकेट नहीं खेल सके थे।

आसिफ का सबसे यादगार पल टी-20 विश्व कप 2021 में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ आया, जहां उन्होंने एक यादगार पारी खेली थी। उस मुकाबले में पाकिस्तान को जब 12 गेंदों पर 24 रनों की जरूरत थी, तब आसिफ ने करीम जनत के ओवर में 4 छक्के जड़े और सिर्फ 7 गेंदों पर 25 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई थी। उनकी यह पारी पाकिस्तान के सेमीफाइनल तक पहुंचने में अहम साबित हुई थी।

आसिफ ने पाकिस्तान से 2 टी-20 विश्व कप (2021 और 2022) में कुल 7 मैच खेले थे, जिसकी 5 पारियों में वह सिर्फ 59 रन ही बना सके थे। वह मैच फिनिशर की भूमिका में पाकिस्तानी टीम से खेलते थे।

## बीसीसीआई ने लीड स्पॉन्सर के लिए जारी किया टेंडर

**नई दिल्ली, 2 सितंबर।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई ) ने मंगलवार को टीम इंडिया के लीड स्पॉन्सर के राइट्स के लिए टेंडर बुलाए हैं। ड्रीम-11 ने हाल ही में भारतीय क्रिकेट टीम के लीड स्पॉन्सर से हटने का फैसला किया था। सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने सोमवार को इसकी जानकारी दी थी।

**ड्रीम-11 ने स्पॉन्सरशिप छोड़ी**

बीसीसीआई ने जारी टेंडर में कहा, अल्कोहल, तंबाकू, सट्टेबाजी, रियल मनी गेमिंग (फैंटेसी स्पोर्ट्स गेमिंग को छोड़कर), क्रिप्टोकरंसी और पोर्नोग्राफी या जो कंपनी सार्वजानिक नैतिकता को ठेस पहुंचने का काम करे उस तरह के ब्रांड को इस बोली (बिड) में शामिल नहीं किया जाएगा। BCCI ने अपने ऑफिशियल ट्विटर पर ट्वीट कर यह जानकारी दी है।

बीसीसीआई ने मंगलवार को लीड स्पॉन्सर के लिए इनविटेशन फॉर एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट रिलीज किया है। इसे भरने की आखिरी तारीख 12 सितंबर है।

## सिनर तीसरी बार यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में

### बुब्लिक को सीधे सेटों में हराया, ओसाका से हारकर गॉफ बाहर



**न्यूयॉर्क, 2 सितंबर।** वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर ऱ ओपन 2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। मौजूदा चैंपियन ने चौथे राउंड में एलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया। सोमवार की रात न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मैच में सिनर ने बुब्लिक 6-1, 6-1, 6-1 से हराया। इसमें उन्होंने केवल तीन गेम गंवाए। यह मुकाबला सिर्फ1 घंटा 21 मिनट तक चला, जो इस साल के ऱ ओपन में दूसरे सबसे कम समय में खत्म होने वाला मैच था। सिनर की ग्रैंड स्लैम में हार्डकोर्ट पर यह लगातार 25वीं जीत है।

क्वार्टर फाइनल में सिनर का सामना इटली के लोरेंजो मुसेट्टी से होगा। मैच के बाद बुब्लिक ने मजाकिया अंदाजा में सिनर को AI-जेनरेटेड प्लेयर बताते हुए उनकी सटीकता और मशीन जैसी स्टाइल की तारीफ की। वहीं, एक अन्य मुकाबले में मुसेट्टी ने यूएस ओपन 2025 के चौथे राउंड में स्पेन के जौमे मुनार को 6-3, 6-0, 6-1 से सीधे सेटों में हराया। इसी के साथ मुसेट्टी पहली बार ऱ ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, जहां उनका सामना मौजूदा चैंपियन सिनर से होगा। पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 जापान की नाओमी ओसाका भी इस ग्रैंड स्लैम के विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने चौथे राउंड में अमेरिका की कोको गॉफको 6-3, 6-2 से हराया। ओसाका 2020 के बाद (जिसमें उन्होंने US Open जीता था) पहली बार इस ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। दोनों खिलाड़ियों की अब तक छह मुकाबले हुए। ओसाका की गॉफके खिलाफओवरऑल यह तीसरी जीत थी। गॉफने भी ओसाका को इतने ही बार हराया है। नोवाक जोकोविच ने रविवार रात यूएस ओपन के चौथे राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने 144वीं रैंकिंग वाले जर्मन क्वालिफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-2 से हराया।

**व्यापार**

# शुगर मिलों और डिस्टिलरी को गन्ने से एथेनॉल बनाने की पूरी अनुमति



**नई दिल्ली, 2 सितंबर।** सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि 2025-26 मार्केटिंग वर्ष में शुगर मिलों और डिस्टिलरी को एथेनॉल उत्पादन के लिए किसी भी प्रकार की मात्रात्मक सीमा नहीं होगी. यह मार्केटिंग वर्ष नवंबर से अक्टूबर तक चलेगा. इस फैसले का उद्देश्य देश में एथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा देना और पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम को गति देना है.

फूड मंत्रालय द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, शुगर मिलों और डिस्टिलरी को इस दौरान गन्ने के रस, शुगर सिरप, बी-हेवी और सी -हेवी मोलासेस से एथेनॉल बनाने की अनुमति दी गई है. मंत्रालय ने यह भी बताया कि पेट्रोलियम मंत्रालय के साथ मिलकर शुगर के एथेनॉल उत्पादन में उपयोग को नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी, ताकि घरेलू बाजार में चीनी की आपूर्ति में कोई बाधा न आए.

सन्दर्भ के तौर पर, चालू ईएसवाई 2024-25 में सरकार ने 40 लाख टन चीनी को एथेनॉल उत्पादन के लिए डायवर्ट करने की अनुमति दी थी. इस बार की नीति से उम्मीद है कि एथेनॉल उत्पादन और मिश्रण में वृद्धि होगी, जिससे देश के ईंधन सुरक्षा लक्ष्यों को भी बल मिलेगा.

ईंधन में एथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल मार्केटिंग कंपनियां (ओएमसी) पेट्रोल के साथ एथेनॉल का मिश्रण बेचती हैं. वर्तमान ईएसवाई 2024-25 में ओएमसी ने 31 जुलाई 2025 तक औसत 19.05 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण हासिल किया है.

राष्ट्रीय बायोफ्यूल नीति 2018, जिसे 2022 में संशोधित किया गया था, ने एथेनॉल मिश्रण का 20 प्रतिशत लक्ष्य 2030 से आगे बढ़ाकर ईएसवाई 2025-26 कर दिया. इस लक्ष्य को हासिल करने में इस फैसले से बड़ी मदद मिलने की उम्मीद है.

विशेषज्ञों का कहना है कि मात्रात्मक प्रतिबंध हटने से शुगर मिलों और डिस्टिलरी में निवेश बढ़ सकता है, उत्पादन क्षमता में सुधार होगा और किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे. साथ ही, यह नीति भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करने में सहायक होगी. ईएसवाई 2025-26 के शुरू होने के साथ ही उद्योग के स्टेकहोल्डर्स एथेनॉल उत्पादन बढ़ाने के लिए तैयार हैं. यह नीति न केवल ऊर्जा और कृषि क्षेत्र को लाभ पहुंचाएगी, बल्कि देश में स्थायी ईंधन पहल को भी मजबूती प्रदान करेगी.

# डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ रुपया 6 पैसे गिरकर 86.89 पर पहुंचा



**मुंबई, 02 सितंबर।** मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 6 पैसे गिरकर 88.16 पर खुला. लगातार विदेशी फंड आउटफ्लो और डॉलर की मजबूत मांग ने घरेलू मुद्रा पर दबाव डाला. सोमवार को रुपया डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड इन्ट्राडे लो 88.33 पर पहुंच गया था, लेकिन बंद होने से पहले 88.10 पर थमता दिखा.

विदेशी मुद्रा विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी टैरिफ और अंतरराष्ट्रीय व्यापार तनाव भारत की मुद्रा और शेयर बाजार की स्थिरता पर असर डाल रहे हैं. अमेरिका ने एशियाई निर्यातकों में सबसे अधिक टैरिफ लगाए हैं, जिससे भारतीय निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो रही है. पिछले तीन कारोबारी सत्रों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से लगभग 2.4 अरब डॉलर निकाले, जिससे मुद्रा और इक्विटी बाजारों में अस्थिरता देखने को मिली. इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 88.14 पर खुला और गिरकर 88.16 पर आ गया. डॉलर इंडेक्स, जो छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को मापता है, 0.08 प्रतिशत बढ़कर 97.84 पर पहुंच गया. वहीं, वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 68.45 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है.

सीआर फॉरेक्स एडवाइजर्स के एमडी अमित पाबरी ने कहा कि रुपया 88.50 के आसपास प्रतिरोध और 87.50 के आसपास समर्थन स्तर पर है. उन्होंने बताया कि अमेरिकी टैरिफ मुद्दे अनसुलझे हैं, इसलिए जोखिम कमजोर रुपया होने की दिशा में अधिक है. लगातार विदेशी फंड आउटफ्लो या डॉलर की मजबूती से रुपया और कमजोर हो सकता है, जबकि किसी भी सुधार की संभावना सीमित रहेगी जब तक कि व्यापार संबंधों में स्पष्ट राहत नहीं मिलती.

डोमेस्टिक शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 207.45 अंक बढ़कर 80,571.94 पर और निफ्टी 60.80 अंक बढ़कर 24,685.85 पर खुला. सोमवार को एफआईआई ने 1,429.71 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक लगातार खरीदारी करते रहे.

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत ने अब अपने टैरिफ को शून्य करने का प्रस्ताव दिया है, लेकिन समय बहुत कम बचा है. उन्होंने यह भी कहा कि भारत ज्यादातर तेल और सैन्य उत्पाद रूस से खरीदता है, अमेरिका से बहुत कम, जबकि भारत अमेरिका के साथ बड़े पैमाने पर व्यापार करता है.

विशेषज्ञों का कहना है कि निवेशक और व्यापारिक समुदाय इस समय मुद्रा की अस्थिरता और अमेरिकी टैरिफ नीति पर नजर बनाए हुए हैं. भारतीय रुपया और शेयर बाजार की दिशा आने वाले कारोबारी सत्रों में वैश्विक संकेतों और विदेशी फंड प्रवाह पर निर्भर करेगी.

## सिंगापुर भारत में निवेश का प्रमुख स्रोत

### सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग पहली बार आएंगे भारत

**नई दिल्ली, 02 सितंबर।** सिंगापुर पीएम वोंग की पहली भारत यात्रा के दौरान पांच अहम समझौतों पर हस्तक्षार किया जाएंगे। इसका यात्रा का मुख्य उद्देश्य दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के तरीकों का पता लगाना है। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग 2 से 4 सितंबर तक भारत के आधिकारिक दौरे पर आएंगे। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच शिपिंग, नागरिक उड्डयन और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों के संबंधों को बढ़ावा देने के लिए पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री के रूप में वोंग की यह पहली भारत यात्रा है। इसका मुख्य उद्देश्य दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के तरीकों का पता लगाना है। प्रधानमंत्री मोदी और वोंग गुरुवार को महाराष्ट्र में एक कंटेनर टर्मिनल का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। पोर्ट ऑफसिंगापुर अथॉरिटी (पीएसए इंटरनेशनल) ने इस परियोजना में एक अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है।

# 'जीएसटी में सुधार कर अर्थव्यवस्था को पारदर्शी बनाएंगे'

### चेन्नई में बोलीं वित्त मंत्री सीतारमण



**चेन्नई, 02 सितंबर।** जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था को खुला और पारदर्शी बनाएंगे। इसके साथ ही इसके अमल में आने से अनुपालन का बोझ भी घटेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को चेन्नई में यह बात कही। वित्त मंत्री सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह में बोल रहीं थीं। कार्यक्रम के दोश्रान राष्ट्रपति द्रौपदी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थीं।

वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में 56 करोड़ जनधन खाते खोले गए, जिनमें कुल जमा राशि 2.68 लाख करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि 67 प्रतिशत जन धन खाते ग्रामीण, अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए। 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि 18 वर्षों में पहली बार एसएंडपी की ओर से भारत की दीर्घकालिक सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में सुधार किया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीमारमण ने बताया कि भारतीय अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने अपनी परिसंपत्तियों की गुणवत्ता में भी काफी सुधार किया है। वित्त मंत्री ने बताया कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था को खुला और पारदर्शी बनाएंगे व अनुपालन बोझ में कमी लाएंगे।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से खुला और पारदर्शी बनाएंगे, जिससे अनुपालन बोझ में और कमी आएगी और छोटे व्यवसायों को लाभ होगा।

सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए एक टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की है। इसमें विनियमों को सरल बनाने, अनुपालन लागत कम करने और स्टार्टअप्स, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों और उद्यमियों के लिए अधिक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए स्पष्ट अधिकार दिए गए हैं।

## भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत जारी : गोयल

**नई दिल्ली, 2 सितंबर।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि भारत और चीन संबंध धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं, जैसे-जैसे सीमा मुद्दे सुलझते जाएंगे, तनाव कम होना स्वाभाविक परिणाम होगा। भारत अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है। वाणिज्य उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। साथ ही गोयल ने बताया कि भारत और चीन संबंध धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं। गोयल ने उद्योग मंडल के एक सतत विकास संबंधी कार्यक्रम में कहा कि बहुत कुछ हुआ है, अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। अमेरिका के साथ हम बीटीए पर संवाद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस, ब्रिटेन और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफ्टीए के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है।

उन्होंने दावा किया कि मुझे लगता है कि दो महान देश (भारत और अमेरिका) इस समस्या का समाधान निकाल लेंगे। लेकिन रूसी तेल खरीदने और फिर उसे बेचने, व यूक्रेन में रूसी युद्ध प्रयासों को वित्तपोषित करने के मामले में भारत कोई बड़ी भूमिका नहीं निभा रहा है।

भारत और अमेरिका मार्च से इस समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। 27 अगस्त से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद, अमेरिकी टीम ने अगले दौर की वार्ता के लिए भारत की अपनी यात्रा स्थगित कर दी है। यह पहले 25 अगस्त से होने वाली थी।

## एक नजर

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान, आरोपी पति गिरफ्तार

**रायपुर, 2 सितम्बर।** कोटा कालोनी में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसमें जांच के दौरान सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोटा निवासी मृतिका सरस्वती निर्मलकर 30 वर्ष अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसमें पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी पति देवानंद निर्मलकर 30 वर्ष दहेज में मोटरसाइकिल की मांग कर अपनी पत्नी को प्रताड़ित करती थी। जिससे तंग आकर सरस्वती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लिया है।

### युवक के खाते से 4 लाख से अधिक रकम पार

**रायपुर, 2 सितम्बर।** मोबाइल पर आरटीओ चालान नाम से एपीके का क्लिक करने पर अज्ञात व्यक्ति ने युवक के खाते से 3 लाख 99 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी छगनलाल साहू 42 वर्ष सूर्यनगर गोगांव का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके मोबाइल में अज्ञात नंबर 87703-23965 से आरटीओ चालान का एपीके मैसेज आया। जिसे प्रार्थी द्वारा क्लिक करने पर आरोपी ने उसके बैंक खाते से 2 बार में 3 लाख 99996 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से नकदी सहित सोने-चांदी के जेवर पार

**रायपुर, 2 सितम्बर।** सुंदरम विहार रायपुरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी रकम पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमित सोनी 28 वर्ष श्रद्धा चौक चंगोराभाठा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके बड़े भाई सुनीत कुमार सोनी का मकान सुंदरम विहार रायपुरा में रहता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी रकम पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### जाली-तार चोरी करने वाले चार चोर चढ़े तिल्दा पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 2 सितम्बर।** थाना तिल्दा नेवरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खेत से लोहे की जाली तार चोरी करने वाले चार आरोपियों को महज कुछ घंटों में गिरफ्तार कर लिया है। मामला प्रार्थी गजाधर साहू निवासी सरोरा का है, जिन्होंने अपनी कृषि भूमि में नीलगिरी के पौधों की सुरक्षा हेतु चार बंडल लोहे की जाली तार से खेत का घेरा बनाया था। 28 अगस्त 2025 को उन्होंने देखा कि उसमें से दो बंडल जाली तार गायब थे। इस पर प्रार्थी द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफथाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल विवेचना प्रारंभ की और मुखबिर की सूचना पर गांव सरोरा के चार आरोपियों ङ्क ईश्वर रात्रे उर्फतोतरा (24 वर्ष), भगवती चेलक उर्फराजू (39 वर्ष), गोपी बघेल (30 वर्ष) और शिवकुमार टंडन उर्फधन्नू (32 वर्ष) को हिरासत में लिया। पूछताछ में सभी आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई दो बंडल लोहे की जाली तार, जिसे उन्होंने चोरी के बाद तालाब में छिपा दिया था, बरामद कर लिया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त दोपहिया वाहन को भी जप्त किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई को थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा निरीक्षक रमाकांत तिवारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक पी.आर. साहू, आरक्षक संदीप सिंह, दीपक सेन एवं जितेन्द्र सोनी ने अंजाम दिया। तिल्दा पुलिस की सतर्कता व त्वरित कार्रवाई से क्षेत्रवासियों में पुलिस के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ है।

### भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कथित संबंध पर दी सफाई, बताया कांग्रेस का राजनीतिक षड़यंत्र

**रायपुर, 2 सितम्बर।** नवनियुक्त भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने 'कथित संबंध' को



लेकर कांग्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट पर पलटवार किया है. उन्होंने इसे राजनीतिक षड़यंत्र करार देते हुए कहा कि हर कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी. मैं एफआईआर भी करवाऊंगा, और न्यायालय भी जाऊंगा. दरअसल, राहुल टिकरिहा के खिलाफउनके चाचा ने गंभीर आरोप लगाते हुए पत्र सावर्जनिक किया था, जिसे एक के बाद एक कांग्रेस नेता साझा कर रहे हैं. इस संबंध में आज भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने प्रेस वार्ता कर कथित संबंध को लेकर लगाए गए आरोप से इंकार किया. उन्होंने कथित चाचा को लेकर कहा कि वो मेरे परिवार का नहीं है. उन्होंने कहा कि मामला वर्ष 2022 का है. इस पर 2023 में कोर्ट का फैसला भी आ चुका है. कोर्ट ने मुझे क्लीन चिट देते हुए माना था कि दिए गए तथ्य भ्रामक हैं. पूरे प्रकरण में न्यायालय ने उन्हें एक बार भी बुलाने के योग्य नहीं समझा. रहा सवाल आरोप लगाने वाले का तो उनकी पत्नी एक शिक्षिका है. उनसे मेरा कोई लेना-देना नहीं था. वहीं कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह एक प्रकार से राजनीतिक षडयंत्र है. कांग्रेस विधायक के साथ मेरी लड़ाई हुई थी. लोगों के हित में लड़ाई लड़ने पर 14 एफआईआर मुझपर दर्ज हुए हैं, मुझे 5 बार जेल भी भेजा गया. जब-जब वहां (बेमेतरा) पूर्व सीएम का दौरा होता है. तब-तब मैं वहां के मुद्दे उठाता था, लोगों के लिए लड़ता था.

गणेशोत्सव



रायपुर, 2 सितम्बर। किशोर कल्चर कमेटी मेन रोड महाकालेश्वर मंदिर देवेन्द्र नगर।

# गणेश प्रतिमाओं में किसी और को दिखाना पाप : शंकराचार्य

## कहा-मूर्तिकार भी दोषी, रायपुर में हिंदू संगठन बोले-छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं, मूर्तियों का तुरंत विसर्जन करें

**रायपुर, 2 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में गणेश



प्रतिमाओं के स्वरूप में बदलाव को लेकर सर्व हिंदू समाज ने नाराजगी जताई है। इसके विरोध में सोमवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई। इस पर ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि, प्रतिमा में किसी और को दिखाना पाप है। मूर्तिकार भी दोषी है। शास्त्रों के अनुसार, सभी देवी-देवताओं के रूप पहले से निर्धारित हैं, जिनमें मनमाने बदलाव की अनुमति नहीं है। परमात्मा को हर



जगह देखा जा सकता है, लेकिन किसी नश्वर व्यक्ति को भगवान की प्रतिमा में दिखाना अपमानजनक है। ऐसे प्रयोग रचनात्मकता नहीं, बल्कि धार्मिक विकृति हैं। ऐसी मूर्तियां बनाने वाले कलाकार भी पाप के भागी हैं।

**हिंदू संगठन ने कहा-गलत है ये, पुलिस कार्रवाई करे:** सर्व हिंदू समाज नीलकंठ महाराज और विश्वदिनी पांडेय ने कहा कि, रायपुर में कुछ जगहों पर गणपति प्रतिमाओं को पारंपरिक स्वरूप से हटकर कार्टून या क्यूट अंदाज में प्रस्तुत किया गया है। भगवान के इस रूप को देखकर बच्चों और युवाओं में खराब छवि बन रही है। ऐसे आयोजनों से धार्मिक आयोजन की पवित्रता प्रभावित हो रही है।

### गणेश विसर्जन और ईद मिलाद-उन-नबी पर डीजे-पटाखे पर बैन

रायपुर में गणेश विसर्जन और ईद मिलाद-उन-नबी पर जिला प्रशासन ने डीजे और पटाखों पर बैन लगा दिया है। शांति समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। बैठक में बताया गया कि चौक-चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती होगी। साथ ही हुड़दंगियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एडीएम उमाशंकर बंदे और एएसपी लखन पटले ने समाज प्रमुखों से बातचीत करते हुए कहा कि, लोग परंपराओं और उत्साह के साथ त्योहार मनाएं, लेकिन शांति और भाईचारा बनाए रखना सबसे अहम है। एएसपी ट्रैफिक प्रशांत शुक्ला और अन्य विभागीय अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे। डीजे और पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध एएसपी लखन पटले ने कहा कि, जुलूस के दौरान समय का विशेष ध्यान रखा जाएगा। डीजे का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इस बार जुलूस में पटाखों का भी इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रूट तय किए गए हैं। हुड़दंगियों पर होगी सख्त कार्रवाई पुलिस ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान हुड़दंग और शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में शांति समिति और स्थानीय नागरिकों के साथ बैठकें करें। यह बैठकें न केवल थानों में बल्कि मोहल्लों, कॉलोनियों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में भी ली जा जाए।

**हर चौक-चौराहे पर अतिरिक्त बल तैनात** : त्योहारों के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर सभी चौक-चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। पुलिस बल हर गतिविधि पर पैनी नजर रखेगा। इसके अलावा, सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी रखी जाएगी ताकि किसी भी स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

ऑपरेशन निश्चय

# ड्रग्स बेचने वाले तीन अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार, पंजाब से जुड़ा था नेटवर्क

## ड्रोन से बॉर्डर पार करवाते थे, बिलासपुर, धमतरी तक सप्लाई; अब तक 28 आरोपी अरेस्ट

**रायपुर, 2 सितम्बर।** नशे के खिलाफरायपुर पुलिस का ऑपरेशन निश्चय जारी है. आज फिर ड्रग्स बेचने वाले 3 अंतरराज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. तीनों आरोपी पंजाब के हैं. यह कार्रवाई टिकरापारा, कबीरनगर और गंज थाना क्षेत्र में पंजीबद्ध नारकोटिक एक्ट के प्रकरणों में की गई।

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय सप्लायरों व स्थानीय नेटवर्क के गठजोड़ को समाप्त करने के निर्देश दिए हैं. इसी कड़ी में चार अगस्त को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट व थाना टिकरापारा की संयुक्त टीम ने पाकिस्तान के थ्रू पंजाब के रास्ते ड्रग्स सप्लाय नेटवर्क के पंजाब निवासी अंतर्राज्यीय तस्कर सहित स्थानीय नेटवर्क के कुल 22 आरोपियों के कब्जे से एक करोड़ के 412.87 ग्राम हेरोईन (चिट्टा), कई मोबाइल फोन, चारपहिया वाहन, तौल मशीन, सिल्वर रोल पेपर, हेरोईन पीने में उपयोग जला हुआ नोट, एटीएम कार्ड एवं चेकबुक जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई थी।

**टिकरापारा पुलिस ने दो आरोपियों को धरदबोचा :** टिकरापारा थाने में दर्ज मामले की अग्रिम कार्रवाई में मुख्य आरोपी लवजीत सिंह को माल सप्लाय करने वाले आरोपी चरणजीत सिंह उर्फचांद व गुरजीत सिंह उर्फगुरूजी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना से संबंधित 02 नग मोबाइल फोन जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है. दोनों आरोपियों को पंजाब से गिरफ्तार कर ट्रांजिस्ट रिमांड पर रायपुर लाया गया।

**रायपुर से एक आरोपी गिरफ्तार:** 23 अगस्त को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट व थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना गंज क्षेत्र के देवेन्द्र नगर ओव्हर ब्रीज के नीचे रेलवे स्टेशन पास चारपहिया वाहन कार में ड्रग्स (एमडीएमए) के साथ 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया. उनके कब्जे से ड्रग्स (एमडीएमए) कुल 27.58 ग्राम, घटना में प्रयुक्त सोनेट कार क्रमांक सी जी 04 क्यू जे 5466, नगदी रकम 85,300 रुपए एवं 5 नग मोबाइल फोन जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना गंज में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है. आज मामले की अग्रिम कार्रवाई में आरोपी अयान परवेज निवासी यश विहार वाय ई-16 मोती नगर रायपुर की संलिप्तता पाए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया और उसके कब्जे से घटना से संबंधित 01 नग मोबाइल फोन जब्त किया गया।



### माल सप्लाय करने वाले पंजाब के दो आरोपी गिरफ्तार

29 अगस्त को को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट व थाना कबीरनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने हेरोईन (चिट्टा) के साथ 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया. उनकी निशानदेही पर आरोपियों के कब्जे से 91 ग्राम अफीम, 87 ग्राम हेराईन चिट्टा जिसका खुदरा मूल्य लगभग 30,00,000 रुपए, एक नग कंट्री मेड पिस्टल, 82 नग जिन्दा कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त 04 नग मोबाइल फोन जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना कबीर नगर में अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है. आज मामले की अग्रिम कार्रवाई में मुख्य आरोपी रूपिन्दर सिंह उर्फपिन्दर उर्फपाबलो को माल सप्लाय करने वाले आरोपी जशनदीप सिंह उर्फलव निवासी ग्राम मलियान जिला अमृतसर पंजाब को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना से संबंधित 01 नग मोबाइल फोन जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है.

### नव्या मलिक रिमांड पर, नार्को टेस्ट की तैयारी, वीआईपी और इंटरनेशनल कनेक्शन की जांच तेज

**रायपुर, 2 सितम्बर।** रायपुर ड्रग्स केस में गिरफ्तार की गई मुख्य आरोपी नव्या मलिक को 4 सितंबर 2025 तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को कई चौंकाने वाली जानकारियां मिली हैं, लेकिन नव्या कई गंभीर सवालों के जवाब देने से बच रही है। इसी कारण पुलिस अब उसका नार्को टेस्ट कराने की तैयारी कर रही है, ताकि मामले की सच्चाई सामने लाई जा सके। जांच में नव्या के हाई-प्रोफाइल कनेक्शन सामने आए हैं। उसने शराब व्यवसायी अनवर ढेबर और उनके बेटे शोएब ढेबर से संबंध स्वीकार किए हैं। नव्या ने शोएब को अपना करीबी दोस्त बताया है और बताया कि दोनों पहले पार्टी में मिले थे। साथ ही उसने शोएब के घर का इंटीरियर डिजाइन करने की बात भी मानी है, जहां से दोनों की जान-पहचान शुरू हुई थी। इसके अलावा नव्या की विदेश यात्राओं ने भी जांच एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। उसने दुबई, सिंगापुर, तुर्की, थाईलैंड और मालदीव की



यात्राएं की हैं। पुलिस को शक है कि ये यात्राएं ड्रग नेटवर्क के विस्तार से जुड़ी हो सकती हैं। विशेष रूप से एक शराब कारोबारी के साथ तुर्की यात्रा पर पुलिस की नजर है, जहां नव्या तीन दिन तक उसके साथ रही थी। सबसे चौंकाने वाला पहलू नव्या से जुड़े अश्लील वीडियो को लेकर है। जांच में एक आरोपी के मोबाइल से नव्या के तीन आपत्तिजनक वीडियो बरामद हुए हैं। मोबाइल में अन्य लड़कियों के वीडियो भी मिले हैं, जिनकी पहचान की जा रही है। पुलिस आशंका जता रही है कि इन वीडियो का इस्तेमाल नव्या को ब्लैकमेल करने या किसी बड़े रैकेट के हिस्से के रूप में किया जा रहा था। नव्या के करीबी दोस्त अयान परवेज को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# रेत-मुरुम व ईंट माफिया पर खनिज विभाग का एक्शन



**रायपुर, 2 सितम्बर।** रायपुर जिले में सक्रिय रेत-मुरुम माफिया की लगातार शिकायत मिलने के बाद खनिज विभाग एक्शन मोड पर है। कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग के अफसरों ने सोमवार को जांच अभियान चलाया। सरप्राइज चेकिंग कर रेत, मुरुम और ईंट का अवैध परिवहन करने वाले गाड़ियों को जब्त किया है। सभी वाहनों को जब्त कर संबंधित थाने को सौंप दिया गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि, इन वाहनों के खिलाफखान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत सख्त प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

- रायपुर में अवैध उत्खनन पर सरप्राइज चेकिंग, गाड़ियां छोड़कर भागे आरोपी, नाव और हाईवा जब्त



### इन इलाकों में दबिश

खनिज विभाग के अधिकारियों के अनुसार, एक सितंबर को मंदिर हसौद और नवापारा इलाके में छापामार कार्रवाई की गई। गोबरा नवापारा के ग्राम पारागांव स्थित महानदी पर अवैध रेत उत्खनन चल रहा था। जहां से एक पोकलेन मशीन, एक रेत सेक्शन मशीन और एक नाव को जब्त किया गया। अधिकारियों ने बताया कि, इस अवैध गतिविधि में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। सभी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध खनन की शिकायत करें

खनिज विभाग के अधिकारियों ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि, प्राकृतिक संसाधनों की अवैध लूट पर रोक लगाने के लिए सख्ती जारी है। आम लोगों से भी अपील की है कि वे अवैध खनन और परिवहन की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, जिससे तत्काल कार्रवाई की जा सके।

### प्रदेश भर में हो रहा अवैध उत्खनन

प्रशासन की सख्ती और कार्रवाई के बावजूद रेत-मुरुम माफिया प्रदेश भर में अवैध रूप से खुदाई कर रहे हैं। प्रदेश की पांच नदियों में 47 प्रमुख स्थानों में धड़ल्ले से उत्खनन हो रहा है। कुछ जिलों में राजनेताओं और उनके करीबियों द्वारा अवैध उत्खनन किए जाने की शिकायते आई है। राजनांदगांव जिले में अवैध घाट पर गोली भी चल चुकी है। इन सब घटनाओं के बीच रायपुर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने सख्ती करने की बात दोहराई है।

कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का आदेश जारी

# हमने नहीं किया नियमितीकरण का वादा: जायसवाल

**रायपुर, 2 सितम्बर।** 10 सूत्री मांगों को लेकर प्रदेशभर के 16 हजार एनएचएम कर्मचारी पिछले 16 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इस बीच सरकार ने हड़ताली कर्मचारियों को बर्खास्तगी का अल्टीमेटम जारी कर दिया है। सरकार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि अगर आज शाम तक काम पर नहीं लौटने पर कर्मचारियों के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। सरकार के इस अल्टीमेट पर संघ भड़क गया है। वहीं, दूसरी ओर एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल पर अब राजनीति भी शुरू हो गई है।

- कर्मचारियों को आज शाम तक काम पर लौटने का आदेश
- कांग्रेस की हार का कारण एनएचएम कर्मचारियों की मांगें पूरी न करना था
- नियमितीकरण केंद्र की सहमति के बिना पूरा नहीं हो सकती



दरअसल पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के उप-मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री रहे टीएस सिंहदेव ने कल बड़ा बयान देते हुए कहा था कि उनकी सरकार ने एनएचएम कर्मियों से किया वादा पूरा नहीं किया था, यही वजह है कि, उन्हें चुनाव में हार मिली और सरकार भी चली गई। सिंहदेव ने कहा कि, जो सरकारें जनता काम नहीं करती, वो हारती है। हम लोग भी हारे, क्योंकि हम मांग पूरी नहीं कर पाए। वहीं, इस मामले में आज स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज मीडिया से बात करते हुए कहा कि अच्छा है, सिंहदेव को हार का कारण याद आया। कांग्रेस की हार का कारण वादों को पूरा ना करना है। कांग्रेस ने सभी वर्गों को छलने का काम किया है। जबकि हमारी मोदी की गारंटी पत्थर की लकीर है, हमनें हा॥रू के वेतन वृद्धि पर काम किया है। हा॥रूकी अन्य मांगों पर केंद्र को पत्र भेजा है। उन्होंने आगे कहा कि मनें हा॥रू के नियमितीकरण का वादा नहीं किया, घोषणा पत्र में हा॥रू के नियमितीकरण की प्रक्रिया पर बात की है। दूसरी ओर सरकार के बर्खास्तगी के फैसले पर भड़के कर्मचारी संघ ने कहा है कि ये आदेश दमनकारी और डराने धमकाने वाला है। छत्तीसगढ़ एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने मोदी की गारंटी के तौर पर हमसे वादा किया था।

# दिवाली, छठ पूजा को देखते हुए चार और स्पेशल ट्रेन

## दुर्ग-सुलतानपुर, चर्लापल्ली-रक्सौल, गोंदिया-पटना, दुर्ग-पटना ये स्पेशल ट्रेन पूरे फेस्टिव सीजन चलेंगी

**रायपुर, 2 सितम्बर।** त्योहारों के मौके पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कई स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने का फैसला किया है। रेलवे प्रशासन का कहना है कि इन ट्रेनों से यात्रियों को कंफर्म बर्थ और आरामदायक यात्रा की सुविधा मिल सकेगी।

**दुर्ग-सुलतानपुर फेस्टिवल स्पेशल :** 08763 दुर्ग-सुलतानपुर स्पेशलः 13 सितंबर से 29 नवंबर 2025 तक हर शनिवार दुर्ग से चलेगी। 08764 सुलतानपुर-दुर्ग स्पेशलः 14 सितंबर से 30 नवंबर 2025 तक हर रविवार सुलतानपुर से रवाना होगी।

**कोच संरचना:** 3 एसएलआर, 4 स्लीपर, 8 एसी थ्री, 1 एसी टू, 2 एसी टू कम थ्री व 2 अन्य (कुल 20 कोच)।

**चर्लापल्ली-रक्सौल साप्ताहिक स्पेशल** मौजूदा ट्रेन सेवा का विस्तार 29 सितंबर से 2 दिसंबर 2025 तक किया गया है। 07051 चर्लापल्ली-रक्सौल स्पेशलः 4 अक्टूबर से 29 नवंबर तक हर शनिवार चलेगी। 07052 रक्सौल-चर्लापल्ली स्पेशलः 7 अक्टूबर से 2 नवंबर तक हर मंगलवार चलेगी।

**गोंदिया-पटना छठ पूजा स्पेशल** 08897 गोंदिया-पटना स्पेशलः 23 और 24 अक्टूबर 2025 को गोंदिया से चलेगी। 08898 पटना-गोंदिया स्पेशलः 24 और 25 अक्टूबर 2025 को पटना से रवाना होगी।

**दुर्ग-पटना दिवाली स्पेशल:** 08795 दुर्ग-पटना स्पेशलः 19 अक्टूबर 2025 को गोंदिया से रवाना होगी। 08796 पटना-दुर्ग स्पेशलः 20 अक्टूबर 2025 को पटना से लौटेगी। कोच संरचनाः 2 एसएलआर, 05 सामान्य, 08 स्लीपर, 02 एसी थ्री और 01 एसी टू (कुल 18 कोच)।

मध्य प्रदेश के आरोपी सिंडिकेट बनाकर गाड़ियों से कर रहे डीजल चोरी

# मंदिर हसौद में डीजल चोर फिर सक्रिय, 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 2 सितम्बर।** रायपुर के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में खड़े मालवाहकों से डीजल चोरी करने वाले मध्य प्रदेश के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसमें राजाराम फुलेरिया (41), रोहित फुलेरिया (25) और अर्जुन कुमार (27) शामिल है। आरोपियों पर 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार, मां नर्मदा ट्रांसपोर्ट के मुंशी वेदप्रकाश साहू ने आरोपियों के खिलाफशिकायत की थी। पीड़ित ने पुलिस को बताया था कि, 26 अगस्त की रात उसके वाहन से ग्राम छतौना में 157 लीटर डीजल चोरी हो गया। अज्ञात आरोपियों ने टंकी का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया।





### अप्रैल 2025 में एएसपी ने की थी कार्रवाई

बता दें कि, मंदिर हसौद तेल माफियाओं का गढ़ है। लंबे समय से तेल डिपो से निकलने वाले टैंकरों से डीजल चोरी करने का खेल चल रहा था। लगातार शिकायत मिलने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अप्रैल 2025 को नया रायपुर एएसपी विवेक शुक्ला ने कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई के बाद सिंडिकेट टूट गया था। लेकिन फिर से चोरी छिपे डीजल चोरी करने का खेल शुरू हो गया है।

**सीसीटीवी में कैद हुए आरोपी :** पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जिसमें कुछ लोगों को चोरी करते दिखे। पुलिस ने वाहन और आरोपियों की तलाश शुरू की। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर कबीर नगर निवासी राजाराम फुलेरिया को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपने साथी रोहित फुलेरिया, अर्जुन कुमार और एक नाबालिग के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों से एमपी नंबर की चारपहिया गाड़ी, 15 लीटर डीजल, बिक्री के पैसे और एक लोहे का रॉड बरामद किया गया है। जब्त सामान की कुल कीमत लगभग 4.50 लाख रुपए आंकी गई है।

# छत्तीसगढ़ में भी वोट चोरी, जल्द तथ्यों के साथ करेंगे खुलासा : बैज

**रायपुर, 2 सितम्बर।** देशभर में वोट चोरी को लेकर कांग्रेस लगातार हमलावर है और वोट न्याय यात्रा के जरिए राज्यों में माहौल बना रही है. अब छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस वोट चोरी का दावा कर रही है. कर्नाटक, बिहार, महाराष्ट्र की तरह छत्तीसगढ़ में वोट चोरी का दावा किया जा रहा है. पीसीसी चीफदीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस जल्द तथ्यों के साथ इसका खुलासा करेगी. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो जारी किया है. इसमें उन्होंने दावा किया है कि बिहार, महाराष्ट्र और हरियाणा की तरह यहां भी वोट चोरी के मामले सामने आएंगे. उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग पर मिलीभगत का



आरोप लगाते हुए कहा कि इस गठजोड़ से बीजेपी को अनुचित लाभ मिला है. दीपक बैज का कहना है कि जल्द ही कांग्रेस ठोस तथ्यों के साथ छत्तीसगढ़ में भी वोट चोरी का खुलासा करेगी. अभी यह महज़ इशारा है, लेकिन आने वाले समय में सबूत पेश किए जाएंगे. फिलहाल प्रदेश कांग्रेस ने सभी जिलों के जिला अध्यक्षों को पत्र लिखकर प्रशिक्षण अभियान शुरू करने का निर्देश दिया है. कांग्रेस का दावा है कि कई विधानसभा क्षेत्रों में धांधली हुई है और उसका पर्दाफाश बहुत जल्द किया जाएगा.

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26